26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 10 दिसम्बर, 2025

अंक- 47 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# घुसपैठियों की नो-एंट्री!

## SIR में पकड़े गए रोहिंग्या-बांग्लादेशियों की बनेगी 'निगेटिव प्रोफाइल'



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने एसआईआर सर्वे में पकड़े जाने वाले घुसपैठियों पर नकेल कसने के लिए फुल प्रुफ प्लान तैयार किया है। घुसपैठियों को न सिर्फ चिन्हित कर देश से बाहर किया जाएगा बल्कि उनका एक डेटाबेस बनाकर रखा जाएगा, ताकि दोबारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर रोहिंग्या या अवैध बांग्लादेशी उत्तर प्रदेश या देश के किसी अन्य हिस्से में घुसपैठ न करने पाएं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, एसआईआर सर्वे में पकड़े जाने वाले अवैध बांग्लादेशी या रोहिंग्या घुसपैठियों को डिटेंशन सेंटर में तो रखा ही जाएगा लेकिन उनका एक बड़ा डेटाबेस भी तैयार किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, देश में पहली बार यूपी सरकार राज्य में पकड़े जा रहे सभी घुसपैठियों का विस्तृत बायोमेट्रिक डेटाबेस तैयार करेगी। इस अनूठी एंटी-इन्फिल्ट्रेशन नीति के तहत, पकड़े गए सभी घुसपैठियों की फेशियल रिकॉग्निशन और फिंगरप्रिंट के साथ प्रोफाइलिंग की जाएगी। सभी नाम एक 'निगेटिव लिस्ट' में दर्ज किए जाएंगे। यह लिस्ट देशभर में शेयर की जाएगी ताकि उनकी दोबारा एंट्री नामुमकिन हो जाए।

### गांवों-शहरों-गलियों में धरपकड़ हुई तेज

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों के विरुद्ध सघन अभियान शुरू किया गया है तथा सभी शहरी स्थानीय निकायों को संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान कर सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संसाधनों पर अनधिकृत बोझ हटाना आवश्यक है और कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को वंचितों तक पहुंचने से रोका नहीं जा सकता, इसी उद्देश्य से दस्तावेज सत्यापन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है और पहचाने गए घुसपैठियों को आगे की कार्रवाई के लिए निरुद्ध केंद्र भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मंडल में ऐसे केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

## दीपावली को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** अंधकार पर प्रकाश की विजय के पर्व दीपावली को आज यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया। यह निर्णय यूनेस्को की एक अहम बैठक के दौरान लिया गया। बैठक दिल्ली के लाल किले में आयोजित की गई थी। इस फैसले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दीपावली हमारी सभ्यता की आत्मा है और देश-विदेश में हर देशवासी इस फैसले से उत्साहित है। यह पहली बार है जब भारत इसकी अंतरसरकारी समिति के सत्र की मेजबानी कर रहा है। यह समिति अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की सुरक्षा के लिए कार्य करती है। इस समिति का 20वां सत्र 8 दिसंबर से 13 दिसंबर तक लाल किले में चल रहा है।

आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।

अपना अस्पताल
तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281

डॉ. शुभम अग्रवाल
MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)
पूर्व चिकित्सक
शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ
MBBS, MS (ENT)
मिलने का समय :
सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट
मनोरोग विशेषज्ञ
MBBS, MD
मिलने का समय :
दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

सुविधाऐं :
- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24x7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE
इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें
डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**गुरुवार, 11 दिसम्बर 2025**

मेष- वांछित प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, समस्या विशेष के सन्दर्भ में स्वयं का निर्णय लाभकारी, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति।

वृषभ- पारिवारिक व्यथा, सामयिक कार्यों में निराशा, सहयोगियों की गतिविधियों से मानसिक कष्ट, धन हानि की आशंका, प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास असफल।

मिथुन- कार्य-व्यवसाय में प्रगति हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, विवाद का समापन, पारिवारिक सौहार्द, भौतिक सुख के साधन सुलभ, मानसिक शांति, यात्रा सफल।

कर्क- लाभ का मार्ग प्रशस्त, व्यावसायिक क्षेत्र में उन्नति, जीवन में सुखशांति वातावरण, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से सहयोग।

सिंह- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, मान-प्रतिष्ठा-परक कृत्य सम्पन्न, विशिष्टजनों से सम्पर्क का लाभ, मित्रों से अपेक्षित सहयोग।

कन्या- आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, बहुप्रतीक्षित कार्यों में अड़चनें, मेल-मिलाप में अरुचि, धन की कमी, कर्ज की अदायगी समय पर न होने से मन अशांत।

तुला- ग्रहस्थिति अनुकूल, वैमनस्यता का समापन, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, परोपकार की भावना जागृत, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, यात्रा सुखद।

वृश्चिक- दिन बेहतर, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, लाभ का मार्ग प्रशस्त, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, मेल-मिलाप में रुचि।

धनु- भाग्य उन्नति में सहायक, वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, योजना साकार होने की दिशा में प्रयास, वैवाहिक जीवन में सुखशांति, यात्रा संतोषजनक, अध्यात्म में आस्था।

मकर- कार्य व्यवसाय में नुकसान, प्रगति में व्यवधान, बढ़ते हुए खर्च की चिन्ता, नवउत्तरदायित्व के निर्वाह में सफलता, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव।

कुम्भ- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, परोपकार की भावना जागृत, श्रेष्ठजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम, परिवार में मंगल आयोजन सम्पादित।

मीन- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, शारीरिक सुख, अकल्पित लाभ का सुयोग, आपसी सलाह से कामयाबी, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, विवाद का समापन।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

# कहीं और जाने की ज़रूरत नहीं.. बवासीर, भगन्दर, फिशर का स्थायी इलाज अब बिजनौर में भी

## कल बिजनौर व शुक्रवार को बास्टा (चांदपुर) में

-विपिन भारद्वाज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बवासीर, भगन्दर व फिशर जैसे गुदा रोगों में रोगियों को अत्यंत पीड़ा, जलन के साथ अनेक कष्टों का सामना करना पड़ता है। यह कष्ट और पीड़ा उस वक्त और ज्यादा बढ़ जाती है, जब इन रोगों के स्थायी निदान के लिये रोगियों को महानगरों में भटकना पड़ता है। ऐसे रोगियों के लिये राहत की खबर है कि अब इन रोगों का सही व स्थायी इलाज अनुभवी और विशेषज्ञक चिकित्सक द्वारा नगर बिजनौर में उपलब्ध है। इन अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक का नाम है डा. सुंधाशु चौधरी एम.एस. (गुदा रोग विशेषज्ञ)।




डा. सुंधाशु चौधरी को बवासीर, भगन्दर व फिशर जैसे अन्य गुदा रोगों के आधुनिक इलाज में विशेष अनुभव प्राप्त है। उनकी विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीक का संयोजन मरीजों को शीघ्र राहत और बेहतर व स्थायी परिणाम प्रदान करता है, जो क्षेत्र के रोगियों के लिये किसी वरदान से कम नहीं है।

प्राय: सुनने को मिलता है कि चिकित्सक पढ़-लिखकर अपने गांव या छोटे नगरों में प्रैक्टिस करना पसंद नहीं करते, लेकिन डा. सुंधाशु इसका अपवाद हैं। आप कह सकते हैं कि यह डा. सुंधाशु के पारिवारिक संस्कार ही हैं, जो नोएडा, गुड़गांव जैसे महानगरों में अच्छी-खासी प्रैक्टिस से सप्ताह में दो दिन लम्बा सफर तय करके अपने गृह जनपद के लिये निकालकर क्षेत्र के रोगियों की सेवा कर अपनी मातृभूमि का ऋण उतार रहे हैं। डा. सुंधाशु प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में बैराज रोड स्थित स्वयं के बनाये सुश्रुत हॉस्पिटल एवं अपने पैतृक गांव पिरथोपुर के निकट बास्टा (चांदपुर) में अपने ही श्री साई अस्पताल में प्रत्येक शुक्रवार बैठते हैं।

मात्र 10 दिनों में रोगों के स्थायी निदान का दावा करने वाले डा. सुंधाशु लक्षणों के बारे में बताते हैं कि मलद्वार में जलन, पेट सफाई में दर्द, ब्लड या पस आना बवासीर के लक्षण हो सकते हैं। भगन्दर में मलद्वार में फुंसी हो जाती, जिसमें से पस आने लगता है। फिशर में जलन के साथ चिपककर ब्लड आने लगता है। टप-टप या धार के रूप में ब्लड आना मस्सों का कारण हो सकते हैं। बवासीर, भगन्दर व फिशर अलग-अलग रोग हैं। लम्बे समय तक कब्ज रहना अथवा जो लम्बे समय तक बैठकर काम करते हैं, उन्हें यह रोग अपेक्षाकृत ज्यादा होने की संभावना रहती है।



### शर्म न करें, हम से मिलें

**मधुर व आत्मीयता के साथ व्यवहार करने वाले डॉ. सुधांशु का स्पष्ट कहना है कि इन रोगों में खुद न डॉक्टर बनें और न ही नीम हकीमों के फेर में पड़ें। यह शर्म का विषय नहीं, एक सामान्य स्वास्थ्य समस्या है। इसें बिल्कुल न छिपायें, तुरंत हमसे सम्पर्क करें। प्रारम्भिक चरण में ही इन रोगों का समुचित उपचार हो जाने से आप अनेक जटिलताओं से बच सकते हैं। आने से पूर्व निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें:-** 7302127966, 9411226422, 9871884104

**कारण:-**

**लम्बे समय तक कब्ज रहना अथवा लम्बे समय तक बैठकर कार्य करना। -कम फाइबर वाला व ज्यादा मसालेदार खाना। - मोटापा - जनरेटिक गर्भवती महिलाओं व ज्यादा दवा खाना, तनाव व कम पानी पीना- जंकफूड - नसों में दबाव का बढ़ना।**

**उपचार:-**

कब्ज से बचें व ज्यादा पानी पियें। तला-भूना व ज्यादा मसालेदार भोजन से बचकर फाइबर युक्त भोजन (सलाद, दाल, फल) लें व भोजन के पश्चात सौंफ-मिश्री अवश्य लें। -समय पर फ्रेश (मल त्याग), व्यायाम व हल्की वॉक।

**सुविधायें:-**

**आधुनिक ट्रीटमेंट के द्वारा बिना आप्रेशन व बिना चीड़फाड़ के स्थायी इलाज, जिससे यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते। -साफ-सुथरा वातावरण, आधुनिक उपकरण, मेडीकल स्टोर व अनुभवी टीम।**

# मां तारा देवी आश्रम पर यज्ञ व भण्डारे का आयोजन

## भण्डारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





**शेरकोट ( चिंगारी )।** ग्राम हादकपुर के निकट मां तारा देवी आश्रम एक प्राचीन सिद्ध पीठ स्थल है। गांववासियों का कहना है कि यह स्थान बहुत प्राचीन व मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला है। गत वर्षों की भांति सोमवार की रात सत्संग के उपरांत मंगलवार प्रात: 9 बजे विधिवत पूजन कर यज्ञ का आयोजन किया गया। पंडित कृष्ण कुमार कौशिक ने यज्ञ संपन्न कराया। महात्मा श्री लाल भारती व कैलाश त्यागी, राजेंद्र सिंह चौहान, डॉक्टर कैलाश सिंह चौहान, अर्जुन सिंह, मास्टर रवि सिंह त्यागी, सपत्नीक यज्ञ में मुख्य यजमान रहे। यज्ञ के पश्चात कन्या पूजन कर नौ कन्याओं को प्रसाद व भोजन कराकर दक्षिणा चुनरी भेंट की गई। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हलवा व भोजन का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था बनाने में रजनीश कुमार चौहान, यतेंद्र राजपूत, जोगिंदर सिंह, विशाल त्यागी, आकाश व विकास त्यागी, जॉनी कुमार, सुरेंद्र, अतुल कुमार चौहान, अशोक कुमार चौहान, रामनारायण सिंह चौहान, पंकज सिंह, सुमित कुमार त्यागी, दिलीप सिंह त्यागी, अच्छे सिंह आदि सहित सैकड़ों लोग जुटे रहे। भंडारे में इस बार हर बार से अधिक भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें खेल-खिलौने, पूजा सामग्री, प्रसाद आदि की दुकान व झूला आदि लगाए गए। सुरक्षा की दृष्टि से उपनिरीक्षक गौरव कुमार, कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### पूरी होती हैं सच्चे मन से मांगीं मुरादें

**मां तारा देवी आश्रम पर मौजूद व्यवस्थापकों व वृद्धजनों ने बताया कि मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी जाने वाली सभी मुरादें पूरी होती हैं। आश्रम पर स्थित प्राचीन सरोवर में स्नान करने से चर्म रोग दूर हो जाते हैं। वहीं आश्रम पर बनने वाले भोजन प्रसाद में प्रतिवर्ष की भांति 15 कुंतल चावल व लगभग चार कुंतल उड़द व हलवे का प्रसाद तैयार किया गया, जिसे हजारों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से ग्रहण किया।**

# मरना मंजूर लेकिन शिर्क नहीं- मदनी

## मुसलमान सिर्फ अल्लाह की इबादत करता है



**सहारनपुर ( एजेंसी/चिंगारी )**। संसद में वंदे मातरम् पर हुई बहस पर जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हमें किसी के वंदे मातरम् पढ़ने या गाने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन हम यह बात फिर से स्पष्ट करना चाहते हैं कि मुसलमान केवल एक अल्लाह की इबादत करता है और अपनी इस इबादत में किसी दूसरे को शरीक नहीं कर सकता।

मौलाना अरशद मदनी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि वंदे मातरम् की कुछ पंक्तियां ऐसे धार्मिक विचारों पर आधारित हैं जो इस्लामी आस्था के खिलाफ हैं। विशेष रूप से इसकी चार पंक्तियों में देश को दुर्गा माता जैसे देवी के रूप में प्रस्तुत किया गया है और उसकी पूजा के शब्द प्रयोग किए गए हैं, जो किसी मुसलमान की बुनियादी आस्था के विरुद्ध हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25) और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 19) देता है। इन अधिकारों के अनुसार किसी भी नागरिक को उसके धार्मिक विश्वास के विरुद्ध किसी नारे, गीत या विचार को अपनाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। मौलाना मदनी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का भी यह स्पष्ट फैसला है कि किसी भी नागरिक को राष्ट्रगान या ऐसा कोई गीत गाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता जो उसके धार्मिक विश्वास के खिलाफ हो। कहा कि वतन से मोहब्बत करना अलग है और उसकी पूजा करना अलग बात है।

मुसलमानों को इस देश से कितनी मोहब्बत है इसके लिए उन्हें किसी प्रमाण-पत्र की जरूरत नहीं है। आजादी की लड़ाई में मुसलमानों और जमीयत उलमा-ए-हिंद के बुजुर्गों की कुर्बानियां और विशेष रूप से देश के बंटवारे के खिलाफ जमीयत की कोशिशें दिन की रोशनी की तरह स्पष्ट हैं। देशभक्ति का संबंध दिल की सच्चाई और अमल से है न कि नारेबाजी से।मौलाना मदनी ने वंदे मातरम् के बारे में कहा कि ऐतिहासिक रिकॉर्ड साफ तौर पर बताता है कि 26 अक्तूबर 1937 को रवींद्रनाथ टैगोर ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को एक पत्र लिखकर सलाह दी थी कि वंदे मातरम् के केवल पहली दो पंक्तियों को ही राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया जाए, क्योंकि बाकी की पंक्तियां एकेश्वरवादी धर्मों के विश्वास के विरुद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इसी आधार पर 29 अक्तूबर 1937 को कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने यह फैसला किया था कि केवल दो पंक्तियों को ही राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया जाएगा। इसलिए आज टैगोर के नाम का गलत इस्तेमाल करके पूरे गीत को जबरन गंवाने की कोशिश करना न सिर्फ ऐतिहासिक तथ्यों को नकारने की कोशिश है, बल्कि देश की एकता की भावना का भी अपमान है।

# फ़्लाई ओवर के स्थानान्तरण में आ रही बाधाओं को दूर करने की मांग

## पुल के एक्सपेंशन में आ चुकी दरार

**बिजनौर ( चिंगारी )**। नजीबाबाद के आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने जिला अधिकारी जसजीत कौर से मुलाकात कर उन्हें एक शिकायती पत्र दिया, जिसमें अवगत कराया गया कि वर्ष 2012 में उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा तहसील नजीबाबाद की नगर पंचायत जलालाबाद स्थित रेलवे क्रांसिग संख्या 484 पर करोड़ों रूपये की लागत से पलाईओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया था, जिसे बाद में यूपी सेतु निगम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग को स्थानांतिरत कर दिया गया था और वर्तमान में उक्त पुल के एक्सपेंशन ज्वाईट में दरार आ चुकी है तथा जगह जगह गहरे गहरे गड्ढे हो रखे हैं इस कारण पूर्व में कई दुर्घटनायं घट चुकी है आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि जब पुल की मरम्मत के संबंध मे राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना प्रबंधक ने कहा कि उक्त पुल हमें स्थानांतिरत नही हुया है और जब हमने सेतु निगम को अवगत कराया तो सेतु निगम ने इस संबंध में कहा कि उक्त पलाईओवर ब्रिज वर्ष 2013 में हम राष्ट्रीय राजमार्ग को स्थानांतिरत कर चुकें है। आरटीआई कार्यकर्ता ने उक्त फ्लाई ओवर ब्रिज स्थानातंरण में आ रही बाधाओं को दूर किये जाने की मांग की। जिला अधिकारी बिजनौर ने इस संबंध में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.




कविता मोटर्स
किरतपुर रोड, बिजनौर मोबाइल 9289922765, 8048243335
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

**भली लगे या बुरी ...**

# सुदृढ़ होती अर्थव्यवस्था

यह सुखद है कि डॉलर की तुलना में रुपये का मूल्य 90 पार करने, सोने-चांदी का दाम रिकार्ड स्तर पर पहुंचने तथा अमेरिका द्वारा भारत पर भारी टैरिफ थोपने के बावजूद पिछली तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की वृद्धि दर लगभग सात साल बाद 8 प्रतिशत का आंकड़ा पार कर गई। भारत पिछले लगभग एक दशक में दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से विकास कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और वह कई साल से लगातार दुनिया की सबसे तेजी से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। दुनिया की लगभग सभी रेटिंग एजेंसियों ने भी माना है कि भारत आगे आने वाले वर्षों में सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एक समय भारत में मुद्रास्फीति दो अंकों में होती थी, पर आज थोक व खुदरा मुद्रास्फीति में लगातार कमी आई है और अनेक अर्थशास्त्री इसके बहुत कम होने पर चिन्ता प्रकट करने लगे हैं। लेकिन इसके साथ ही भारत दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न सहायता योजना चलाते हुए लगभग 80 लाख लोगों को हर महीने पांच किलो मुफ्त खाद्यान्न दे रहा है और तमाम लोगों द्वारा इस योजना पर उंगली उठाने के बावजूद भारत सरकार ने इस योजना को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कोरोना काल में लोगों के लिए लाई गई इस योजना के विस्तार का अर्थ यह है कि देश की बहुसंख्य जनता की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और वे इस मुफ्त राशन पर अपनी निर्भरता त्याग नहीं पा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसे सवालों का जवाब देते हुए संसद में कहा था कि उनकी सरकार ने भारी संख्या में गरीबों को अतिशय गरीबी से बाहर निकाला है और वे नहीं चाहते कि इनमें से कोई भी वापस अतिशय गरीब बन जाए। जमीनी दृष्टिकोण से देखें तो मुफ्त राशन गरीब व निम्न मध्यवर्गीय परिवारों का बड़ा सहारा है क्योंकि इससे बचने वाला पैसा वे जरूरत की दूसरी मदों पर खर्च कर सकते हैं। भारतवर्ष आज दुनिया का सबसे युवा जनसंख्या वाला देश है और प्रजनन दर लगभग 2.1 प्रतिशत की रिप्लेसमेंट दर तक पहुंच गई है। इसके चलते जहां युवा युगलों को अपने बच्चों की शिक्षा, आवास और परिवहन आदि पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है, वहीं उनको बुजुर्गों की स्वास्थ्यरक्षा पर भी अधिक खर्च करना पड़ता है।

**क्रिकेट**

# खिलाड़ी, कोच और टीम प्रबंधन सवालों के घेरे में



▶▶ सुधाकर आशावादी

किसी भी राष्ट्र की पहचान में खेलों का भी बड़ा योगदान होता है। खेल प्रतिभाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन से कुछ देश विश्व भर में अलग पहचान बनाते हैं। एथलेटिक्स में अमेरिका, जमैका, केन्या, इथियोपिया, चीन, रूस और ब्राजील जैसे देशों के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हैं। हॉकी में नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, जर्मनी व न्यूजीलैंड जैसे देशों के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सरहनीय रहता है। फुटबॉल में ब्राजील, अर्जेंटीना, स्पेन, फ्रांस और इंग्लैंड अग्रणी हैं। क्रिकेट में अनेक देश सक्रिय हो रहे हैं, लेकिन भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, जैसी टीमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं तथा दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका जैसी टीमें भी यदा-कदा संघर्ष करती हुई प्रतीत होती हैं। अन्य खेलों में भी ऐसा ही है, कि कुछ विशिष्ट खिलाड़ियों के प्रदर्शन से कुछ खेलों के प्रति जनमानस की रूचि बढ़ जाती है। कटु सत्य यही है, कि खेल शारीरिक दक्षता को बनाए रखने और विश्व स्तर पहचान बनाने का माध्यम बने हुए हैं। भारत वर्ष में जब से सरकार ने खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए खेलों का बजट बढ़ाया है तथा खेलों को लोकप्रिय बनाने वाले खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर धनवर्षा शुरू कर दी है, तब से खिलाड़ियों पर जहां टीम में बने रहने के लिए टिकाऊ प्रदर्शन का दबाव बढ़ा है, वहीं एक से एक प्रतिभावान खिलाड़ियों के चलते खिलाड़ियों में भी प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है।



क्रिकेट की स्थिति अन्य सभी खेलों से अलग है। किसी एक मैच में जिताऊ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी पर इतनी धनवर्षा होती है कि खिलाड़ी भी अचंभित हो जाता है। ऐसे में उसे अपने प्रदर्शन को बार-बार दोहराने का दबाव बढ़ जाता है। खेल प्रेमी तथा खेल नियंत्रक संस्था सदैव उससे उत्कृष्ट एवं जिताऊ प्रदर्शन की अपेक्षा करने लगते हैं। मैच दर मैच खेल समीक्षक अपने सुर बदलते रहते हैं। किसी साधारण खिलाड़ी द्वारा किये गए विशेष प्रदर्शन के आधार पर मीडिया उसे फर्श से उठाकर अर्श पर बिठा देता है और खराब प्रदर्शन पर अर्श से फर्श पर ला पटकता है। खेल नियंत्रक संस्था टीम पर नियंत्रण के लिए वरिष्ठ खिलाड़ी को दायित्व सौंपती है और वह टीम पर अपने प्रयोग करता है, जिसका असर खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर पड़ता है। कई बार ऐसा होता है कि खिलाड़ी टीम प्रबंधन की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता तथा आलोचना का पात्र बनता है। कोई यह नहीं समझना चाहता कि खेल को खेल भावना से खेलते हुए खेल के प्राथमिक नियम को याद रखा जाए, कि खेल में जीत-हार चलती रहती है। बहरहाल क्रिकेट में आसमान की बुलंदी तक पहुंचकर भारतीय क्रिकेट टीम का निराशाजनक दौर चल रहा है, यशस्वी और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से सज्जित भारतीय क्रिकेट टीम अपने लचर प्रदर्शन से विपक्षी टीम से सम्मुख घुटने टेकती हुई नजर आई। इसके लिए खिलाड़ी, कोच और टीम प्रबंधन सवालों के घेरे में है। जिस व्यक्ति को क्रिकेट का क, ख, ग भी नहीं आता, वह भी टीम के लचर प्रदर्शन पर सवाल खड़े कर रहा है। बहरहाल विश्व में कोई भी खिलाड़ी या कोई भी टीम आजीवन शीर्ष पर नहीं रह सकती। प्रदर्शन सुधार एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को सही समय पर अवसर देने से ही टीम विश्व भर प्रतिभा का लोहा मनवा सकती है। सो खेल को खेल ही रहने देने तथा राजनीति का अखाड़ा न बनाने में ही देश की और क्रिकेट की भलाई है।

# जीवन में ईश्वर का आशीर्वाद लेना है, तो अपने माता-पिता का सम्मान करें!

जब मनुष्य एक शिशु के रूप में दुनिया में आता है, तो एक-दो वर्ष तक वह सिर्फ अपनी मां को ही पहचान पाता है। इसके बाद वह धीरे-धीरे अपने पिता को भी पहचानने लगता है और उसके उपरांत तो जैसे-जैसे वह बड़ा होता जाता है भाई, बहन, बुआ-फूफा, चाचा-चाची, ताऊ-ताई, मामा-मामी आदि रिश्तों को भी जानने लगता है। चूंकि उसका प्रारंभिक रिश्ता माता व पिता से ही होता है, इसीलिए उसका कर्तव्य हो जाता है कि वह अपने माता-पिता का सर्वप्रथम सम्मान करे, उनकी देखभाल करे। माता-पिता अपनी संतान से बदले में कुछ नहीं चाहते, बल्कि वह सदैव उसकी भलाई व समृद्धि की ही कामना करते रहते हैं। साथ ही वह चाहते हैं कि उनका पुत्र उनसे भी आगे बढ़कर उनका नाम उजागर करें। उधर पुत्र को भी सदैव यह स्मरण रखना चाहिये कि दुनिया में समस्त रिश्तों में सिर्फ माता-पिता का रिश्ता ही सबसे महान है, इसलिए उसे चाहिये कि वह जीवन में अपने माता-पिता को कभी दुःख न दे। यदि यह कहा जाये कि माता-पिता का आशीर्वाद ही अपनी संतान को प्रत्येक विपत्ति व दुःख रूपी धूप-छांव से बचाने के लिए छाते का काम करता है, तो कोई गलत नहीं होगा। वास्तव में ईश्वर भी उन्हीं को अपना आशीर्वाद देते हैं, जो अपने माता-पिता का सम्मान करते हैं। इसलिए हम सभी को चाहिए कि अपने माता-पिता का सम्मान करें और जीवन में कभी भी कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे हमारे माता-पिता को दुःख पहुंचे अथवा उनके मन को ठेस पहुंचे। क्योंकि कहा जाता है कि ईश्वर भी उस व्यक्ति पर अपने आशीर्वाद की वर्षा करते हैं, जो अपने माता-पिता का सम्मान करते हैं तथा उनकी आज्ञा का पालन करते हैं।



▶▶ सुरेन्द्र कुमार कपूर

कपूर कोल डिपो नई बस्ती, बिजनौर

# पुलिस की 32 टीमों ने 23 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों छात्राओं को सकुशल बरामद किया

## कई राज्यों के 66 रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी फुटेज खंगाली

**बिजनौर ( चिंगारी )। पुलिस की 32 टीमों द्वारा 23 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद रहस्यमय ढंग से लापता हुई दो छात्राओं को लुधियाना से सकुशल बरामद कर लिया गया। दोनों छात्राएं वहां एक कपड़ा फैक्ट्री में काम कर रही थीं। छात्राओं की सकुशल बरामदगी से उनके परिजनों के साथ-साथ पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। यह मामला लगातार सुर्खियों में था।**

मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी अभिषेक झा ने बताया कि विगत 15 नंवबर को बिजनौर थाना क्षेत्र के ग्राम झलरी निवासी कक्षा नौ की छात्रा व ग्राम जंदरपुर निवासी कक्षा 12 की छात्रा स्कूल जाने के दौरान रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थीं। दोनों छात्राएं अलग-अलग सम्प्रदाय की थीं। परिजनों ने दोनों की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। एक छात्रा के परिजनों ने भाकियू प्रधान के नेतृत्व में शहर कोतवाली में टेंट लगाकर धरना दिया था, जिसे पुलिस ने बमुश्किल समाप्त कराया था। छात्राओं की बरामदगी के लिए एसओजी सहित पुलिस की 32 टीमों को आपरेशन में लगाया गया था, जिन्होंने यूपी, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान व मुंबई तक की खाक छानी। इस दौरान पुलिस टीमों ने विभिन्न राज्यों के 66 रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। लुधियाना में मिली फुटेज के आधार पर पुलिस ने दोनों छात्राओं को वहां की एक कपड़ा फैक्ट्री से बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों छात्राओं का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उन्हें वन स्टाप सेंटर में रखा। दोनों को आज कोर्ट में पेश किया।

एसपी अभिषेक झा ने छात्राओं की तलाश में लगी पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है। एसपी ने बताया कि बरामद छात्राओं ने घर से जाने का कोई विशेष कारण नहीं बताया। उनका कहना है कि वे आजाद जिंदगी जीने के लिए घर से गयी थीं। उधर, बेटियों के सकुशल बरामद होने की खबर मिलने से उनके परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जैसे ही पुलिस ने उन्हें बेटियों की बरामदगी की सूचना दी वे बेटियों से मिलने के लिए पुलिस के पास दौड़ पड़े। पुलिस ने परिजनों को दोनों छात्राओं से मिलाया, उनकी बातचीत भी करायी।

### रात को गुरुद्वारे में रुकती थीं

कपड़ा फैक्ट्री में नौकरी करने से पूर्व दोनों छात्राएं रेलवे स्टेशनों व गुरुद्वारे में रुकती थीं। लुधियाना की दो युवतियों ने उनकी मदद की। पुलिस के अनुसार दोनों छात्राएं रतलाम से 20 नवम्बर के बाद लुधियाना पहुंची थीं। लुधियाना में पहले कुछ दिनों गुरुद्वारे में रहीं। जहां एक पम्फलैट के जरिये उन्हें कपड़ा फैक्ट्री में काम करने वालों की जरूरत का पता चला। दोनों ने गुजारा करने के लिए कपड़ा फैक्ट्री में 7 हजार रुपये महीने की नौकरी शुरू कर दी थी। फैक्ट्री के पास ही वे एक किराये के मकान में रहने लगी थीं। गुरुद्वारे में रहने के दौरान लोगों को लड़कियों पर शक हो गया था। कुछ लोगों ने उनसे पूछताछ भी की थी, लेकिन छात्राओं ने अपनी बातों से उन्हें संतुष्ट कर दिया था।

### छात्राओं को ढूंढने में इसलिए समय लगा

छात्राओं को ढूंढने में पुलिस को इसलिए ज्यादा समय लगा और अधिक मशक्कत करनी पड़ी क्योंकि उनके पास मोबाइल फोन नहीं था। इस दौरान उन्होंने अपने किसी परिचित से बात भी नहीं की। लड़कियों तक पहुंचने का पुलिस के पास केवल सीसीटीवी कैमरों की फुटेज ही माध्यम था। पुलिस ने इसी का इस्तेमाल किया। फुटेज खंगालने में पुलिस के पसीने छूट गये। कई राज्यों के 66 रेलवे स्टेशनों की फुटेज खंगालनी पड़ी। इसके अलावा कई शहरों के अलग-अलग स्थानों की भी पुलिस ने फुटेज खंगाली। वाकई पुलिस ने इस केस में कमाल का काम किया।



### सबसे पहले सहारनपुर में दिखी

फुटेज खंगालने के दौरान सबसे पहले दोनों छात्राएं सहारनपुर रेलवे स्टेशन की फुटेज में नजर आयीं, लेकिन वहां की फुटेज में लड़कियों का चेहरा धुंधला दिखायी दे रहा था। सहारनपुर के बाद सूरत के रेलवे स्टेशन की फुटेज में दोनों छात्राओं के चेहरे स्पष्ट दिखायी दिये। इसी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आगे की दिशा तय की।

### रतलाम में बेची कान की बाली

**घर से जाने के कुछ ही दिनों बाद छात्राओं को पैसों की दिक्कत पड़ने लगी थी। जब वे रतलाम पहुंची थी तब उन्हें पैसों की जरुरत पड़ी थी। रतलाम रेलवे स्टेशन के बाहर पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए एक छात्रा ने अपने कान की बाली साढ़े सात हजार रुपये में बेच दी थी।**

### लोग उंगलियां उठाते रहे, पुलिस अपना काम करती रही

इस मामले की गूंज लखनऊ तक पहुंच गई थी। शासन स्तर से पुलिस पर छात्राओं के शीघ्र बरामद करने का दबाव था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने बिना विचलित हुए पूरा ऑपरेशन अत्यंत गोपनीय ढंग से संचालित किया। हालांकि इस दौरान पुलिस पर उंगलियां भी उठीं। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर पुलिस की कार्यशैली को लेकर नकारात्मक पोस्ट की। पुलिस अधीक्षक को भी निशाने पर लिया गया। लेकिन पुलिस प्रशासन ने धैर्य और दूरदर्शिता का परिचय देते हुए अपने टास्क पर दृष्टि रखी। पुलिस का मकसद छात्राओं को सकुशल बरामद करना था, जिसमें उसे सफलता मिली। अब वे लोग भी पुलिस की सराहना कर रहे हैं, जो कल तक आलोचना कर रहे थे।

### फैक्ट्री की लोकेशन मिलते ही छापा मारा

सूत्रों के अनुसार पुलिस कई दिनों से लुधियाना में उस फैक्ट्री की तलाश में थी, जहां छात्राएं काम कर रही थीं। जैसे ही उक्त फैक्ट्री की लोकेशन कन्फर्म हुई, पुलिस टीम ने बिना देरी किए छापा मारा और छात्राओं को सकुशल बरामद कर लिया। अभियान के दौरान पुलिस ने किसी को भी भनक तक नहीं लगने दी।

### किसी तीसरे की भूमिका नहीं आयी सामने
### गोपनीय रहा पुलिस का बरामदगी ऑपरेशन

**लापता छात्राओं के बारे में यह कयास लगाये जा रहे थे कि उनकी गुमशुदगी में किसी तीसरे का हाथ जरूर होगा। कई बार यह भी चर्चा हुई कि छात्राओं को एक युवक अपने साथ ले गया है। पुलिस ने कई लोगों से पूछताछ भी की। छात्राओं के परिजनों व रिश्तेदारों पर भी नजर रखी गई। छात्राओं के अलग-अलग सम्प्रदाय का होने के कारण मामला संवेदनशील था। इसलिए पुलिस फूंक-फूंककर कदम रख रही थी। पुलिस ने जहां-जहां सीसीटीवी फुटेज खंगाले, उनमें दोनों छात्राएं हर जगह अकेली ही नजर आईं, उनके साथ कोई तीसरा व्यक्ति कहीं नहीं दिखा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों छात्राएं अपनी मर्जी से घर से निकली थीं। इस मामले में बाहरी व्यक्ति की कोई भूमिका सामने नहीं आयी।**

# दिसम्बर में होने वाली सभी खेल प्रतियोगितायें स्थगित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुपालन के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त के अनुपालन में जनपद बिजनौर में माह दिसम्बर-2025 में आयोजित की जाने वाली सभी प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं खराब वायु गुणवत्ता एवं बढ़ते वायु प्रदूषण की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए स्थगित की जाती हैं। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी/सभी जिला स्तरीय अधिकारी/जिला क्रीड़ाधिकारी बिजनौर /खेल संघों के पदाधिकारी/सभी शिक्षण संस्थान (सरकारी/गैर-सरकारी)/ को निर्देशित किया कि जनपद में किसी भी स्तर (विद्यालय/ महाविद्यालय/ संस्थान/ क्लब/संघ) पर कोई भी खेल प्रतियोगिता आयोजित न की जाए, यदि पूर्व में कोई कार्यक्रम निर्धारित किया गया था, तो तत्काल प्रभाव से उसे स्थगित करते हुए सूचनाएं संबंधित प्रतिभागियों एवं अभिभावकों को उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने जिला क्रीड़ाधिकारी को निर्देशित किया कि इन निर्देशों का पालन सभी स्तरों पर अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि आदेशों के उल्लंघन की स्थिति में उत्तरदायी अधिकारी/प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

# विधायक अशोक राणा के प्रयास से स्वीकृत सड़क चौड़ीकरण का कार्य अधर में लटका

## मार्ग के दोनों ओर के पेड़ काटने की नहीं मिली अनुमति



मार्ग के चौड़ीकरण के लिए साइड में तोड़ी गई सड़क।

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रदेश सरकार द्वारा धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा के प्रयास से जनता की सुविधा के लिए शेरकोट मार्ग स्थित राजपूताना रिजॉर्ट से नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी तक किया जाने वाला सड़क चौड़ीकरण का कार्य फिलहाल अधर में लटक गया है। 6 महीने बाद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण के लिए उसकी दोनों साइडों के खड़ंजे को उखाड़ कर कार्य की इति श्री कर दी गई। है ऐसे में दिसंबर और जनवरी के महीने में पड़ने वाला घना कोहरा और शीत लहर राहगीरों पर कहर बनकर न टूट पड़े क्योंकि वाहन चालकों को यह नहीं पता होगा कि सड़क की साइड टूटी पड़ी है। ऐसे में वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

बताया जाता है कि वन विभाग से इस मार्ग पर दोनों साइड में लगे हुए लगभग 35 पेड़ों को काटने की अनुमति नहीं दी है। जिस कारण इस सड़क का निर्माण कार्य फिलहाल रुका हुआ है। इस संबंध में वन विभाग धामपुर के रेंजर शशांक गुप्ता ने चिंगारी को बताया कि पेड़ों को काटे जाने से संबंधित पत्रावली धामपुर कार्यालय से बिजनौर डिवीजन को भेजी जा चुकी है, अब वह किन शर्तों के आधार पर पेड़ काटने की अनुमति देंगे इसके बारे में वही बता सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा के अनुरोध पर क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए राजपूताना रिजॉर्ट से दुर्गा विहार कॉलोनी तक के राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिवाइडर रोड बनवाने के लिए जब प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा था। इसके बाद सरकार की ओर से लोक निर्माण विभाग को 28 करोड़ रुपए की राशि अवमुक्त कर दी गई। जून माह में विधायक अशोक राणा और भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी ने राजपूताना रिसोर्ट के पास इस सड़क के निर्माण का भूमि पूजन कर चौड़ीकरण के कार्य को हरी झंडी दे दी थी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने सड़क की साइड खोदना शुरू कर दिया था। परंतु बरसात के कारण लगभग दो-तीन महीने काम बंद रहा। उसके अलावा विभागीय कार्यवाही वन विभाग द्वारा पूरी न करने के कारण अब यह काम अधर में लटक गया है। इस मार्ग के चौड़ीकरण होने के साथ डिवाइडर का भी निर्माण होना था। अब यह काम कब शुरू होगा, यह भविष्य के गर्भ में है। फिलहाल जनता परेशान है और आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

# दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान ने बच्चों को स्वेटर बांटे



जर्सी वितरित करते हुए पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा संचालित सरस्वती संस्कार केंद्र कोड़ीपुरा में दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान द्वारा डॉ. आदित्य अग्रवाल की ओर से स्वेटर वितरण किया गया। विद्या भारती मेरठ प्रांत के अंतर्गत संचालित शिशु मंदिर की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में शिशुओं को शैक्षिक एवं संस्कारवान बनाने हेतु सरस्वती संस्कार केंद्र कोडीपुरा में 50 छोटे शिशुओं को स्वेटर वितरित किये गये।

इस अवसर पर डॉक्टर आदित्य अग्रवाल, डॉक्टर मोनिका अग्रवाल, रेनू भारद्वाज, रिया अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, ऋचा अग्रवाल, शिखा सिंह एवं छवि जैन तथा विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, लोकेंद्र कुमार, लोकेश कुमार, होसराम सिंह सैनी, राजकुमार विश्वकर्मा, श्रीराम विश्वकर्मा, अनिल कुमार, प्रमोद कुमार, रामवीर सिंह, राकेश कुमार, अखिलेश शर्मा, छत्तर सिंह, बाबू सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अशोक कुमार सहित अमरपाल सिंह, शरद कुमार, विपिन शर्मा एवं भूपेंद्र कुमार का सहयोग रहा। आचार्य भूपेंद्र कुमार ने संघ द्वारा विद्या भारती और विद्या भारती द्वारा संस्कार केंद्र को चलाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉक्टर आदित्य अग्रवाल द्वारा संघ की स्वर्ण जयंती के अवसर पर पांच बातें अपनाने के लिए सभी को कहा गया। पूर्व भाजपा विधायक डॉक्टर इंद्रदेव सिंह द्वारा व्यक्ति के संगठित रहने और अलग रहने में अंतर को स्पष्ट किया गया।

# आरएसएम के बीएससी-कृषि के छात्रों ने द्वारिकेश शुगर मिल का किया शैक्षणिक भ्रमण

**धामपुर ( चिंगारी )।** आर.एस.एम. (पी.जी.) कॉलेज, के बी.एस.सी. कृषि प्रथम सेमेस्टर के उन छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिन्होंने स्किल एनहांसमेंट कोर्स (SEC) के अंतर्गत Post Harvest Process Engineering °ß´ Agriculture Waste Management विषय का चयन किया है। यह शैक्षणिक भ्रमण द्वारिकेश शुगर मिल, अफ़ज़लगढ़ में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को गन्ने से चीनी बनने तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन करने का अवसर मिला। यह शैक्षणिक भ्रमण विषय के कोर्डिनेटर डॉ. रवि धनकड़ व डॉ. हिमांशु त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

मुख्य महाप्रबंधक उमेश कुमार सिंह बिसेन ने छात्रों का स्वागत करते हुए शुगर उद्योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य में शुगर मिलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने गन्ने की उगाई जा रही उन्नत किस्मों, उनकी बुआई की आधुनिक विधियों एवं किसानों को प्रदान की जा रही तकनीकी सहायता पर उपयोगी जानकारी साझा की।

प्रदीप शर्मा (इलेक्ट्रिकल विभाग) व श्री निशांत भारद्वाज (मकेनिकल विभाग) ने यूनिट का भ्रमण कराया। इस दौरान छात्रों को गन्ने की क्रशिंग, जूस एक्सट्रैक्शन, क्लैरिफिकेशन, इवापोरेशन और क्रिस्टलाइजेशन की विस्तृत वैज्ञानिक प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

मिल परिसर स्थित उद्यान विभाग के विशेषज्ञ विजय कुमार तोमर ने छात्रों को परिसर में लगे मौसमी फूलों और पौधों की विभिन्न जातियों, उनकी पोषणात्मक आवश्यकताओं तथा सजावटी बागवानी के व्यावहारिक पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया।

कॉलेज की ओर से डॉ. रवि धनकड़ ने Agriculture Waste Management के सिद्धांतों एवं वास्तविक उपयोग पर छात्रों को विस्तार से अवगत कराया। डॉ. हिमांशु त्रिपाठी ने Post Harvest Process Engineering विषय पर व्याख्यान देते हुए छात्रों को फसल कटाई के बाद होने वाले प्रबंधन, गुणवत्ता संरक्षण, प्राथमिक प्रसंस्करण तथा मूल्य संवर्धन की महत्ता समझाई। भ्रमण को सफल बनाने में मुख्य गन्ना प्रबंधक अनिल पंवार एवं प्रशासनिक ऑफिसर राहुल दुबे का सहयोग सराहनीय रहा।



आर.एस.एम. ( पी.जी. ) कॉलेज धामपुर के बी.एस.सी. कृषि प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण।

# प्राइवेसी के नाम पर हो रहे अनैतिक कार्य



देह व्यापार पर कार्यवाही की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ता।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर में तेजी से फैल रहे अवैध प्राइवेसी/केबिन व्यापार और देह व्यापार को लेकर सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय युवाओं का गुस्सा सड़कों पर दिखाई दिया। हिंदू-मुस्लिम युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने संयम जैन के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपा ।

## बंद केबिनों पर प्रतिबंध लगाया जाये

ज्ञापन में नगर में बढ़ रही अनैतिक गतिविधियों को रोकने तथा जिम्मेदार विभागों द्वारा प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई। धामपुर क्षेत्र के कई कैफे बिना किसी अनुमति के बंद व अर्ध-बंद केबिन बनाकर प्राइवेसी के नाम पर देह व्यापार और अन्य गैरकानूनी कार्यों को बढ़ावा दे रहे हैं। फोरलेन हाईवे पर स्थित अनेक होटलों में भी बिना लाइसेंस और पंजीकरण के अवांछनीय गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। आरोप लगाया कि इन गतिविधियों के चलते छेड़छाड़, मनचलों की हरकतें और युवतियों का उत्पीड़न जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि धामपुर तहसील क्षेत्र के सभी कैफों, होटलों, फार्म हाउसों और बंद केबिन वाले प्रतिष्ठानों का संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाया जाए, जिसमें पुलिस, नगर पालिका, श्रम विभाग और पर्यटन विभाग शामिल हों। बिना लाइसेंस, बिना पंजीकरण और बिना अनुमति चल रहे प्रतिष्ठानों को तत्काल सील किया जाए तथा उनके मालिकों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। स्कूल-कॉलेजों के आसपास स्थित कैफों में बंद केबिनों पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया जाए और उनकी नियमित निगरानी की जाए। महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनज़र एंटी-रोमियो स्क्वॉड, रात्रिकालीन गश्त और महिला हेल्पलाइन को प्रभावी तरीके से सक्रिय किया जाए। संगठन के पदाधिकारी संयम जैन ने कहा कि यदि प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई नहीं की तो युवाओं का यह सामूहिक अभियान जन आंदोलन का रूप लेगा। ज्ञापन देने वालों में विशाल सैनी, सहसयोजक आकाश सैनी, हारनान प्रधान मोहम्मद अब्दुल्ला, अनुज, लक्की, समीर अहमद, प्रिंस चौहान, कार्तिक प्रजापति, अभिषेक सैनी, दीक्षित कुमार, आलोक सैनी, दीपक सैनी, दीक्षित चौहान, रिंकू, यश, गौरव आदि शामिल रहे।

# वंदे मातरम् पर तुष्टिकरण नहीं होता तो देश का बंटवारा नहीं होता- शाह

## 50 साल पूरे हुए तो वंदे मातरम् को दो हिस्सों में बांटा गया

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को संसद में कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति के तहत वंदे मातरम् दो हिस्सों में नहीं बांटा होता, तो देश का बंटवारा भी नहीं होता। श्री शाह ने राज्यसभा में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 साल के मौके पर विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस पर शुरू से ही वंदे मातरम् का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब वंदे मातरम् के 50 साल पूरे हुए तो वंदे मातरम् को दो हिस्सों में बांटा गया। वहीं से तुष्टिकरण की शुरुआत हुई और देश का बंटवारा हुआ। उन्होंने कहा, मेरा और बहुत से लोगों का मानना है कि तुष्टिकरण नहीं होता तो देश का बंटवारा नहीं होता। कांग्रेस और उसके शीर्ष नेतृत्व पर वंदे मातरम् के विरोध का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में संसद में वंदे मातरम् का गान बंद कर दिया गया था, बावजूद इसके कि संविधान सभा ने इसे राष्ट्रगीत का दर्जा दिया था। उन्होंने कहा कि जब वंदे मातरम् के 100 साल हुए तो देश में आपातकाल लगा था। गृहमंत्री ने कहा, कल भी जब वंदे मातरम् के 150 साल के मौके पर लोकसभा में चर्चा हुई तो कांग्रेस की एक नेत्री ने कहा- अभी इस समय वंदे मातरम् की चर्चा की जरूरत नहीं है। इस पर कांग्रेस के कुछ सदस्यों ने आपत्ति की और उनसे सदन को पूरी बात बताने की मांग की। श्री शाह ने कहा कि जिस गीत को महात्मा गांधी ने देश की आत्मा से जुड़ा गीत बताया था उसका टुकड़ा करने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि 1992 में जब लोकसभा में दोबारा वंदे मातरम् का गान शुरू हुआ तो इंडिया गुट के कई सदस्यों ने उसे गाने से इनकार कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि जब वंदे मातरम् के गायन का समय होता है तो कांग्रेस के कई सदस्य सदन से बाहर चले जाते हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी के सभी सदस्य खड़े होकर पूरे सम्मान के साथ वंदे मातरम् का गायन करते हैं। इस पर विपक्ष के सदस्यों ने आपत्ति जताते हुए पूछा कि वह प्रमाण दें कि कौन वंदे मातरम् के गायन के समय खड़ा नहीं होता।



# चुनाव आयोग को अपने इशारे पर चला रही है सरकार : राहुल

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को सरकार पर आरोप लगाया कि उसने सभी संवैधानिक संस्थानों को एक संगठन के लोगों के हवाले कर दिया है और चुनाव आयोग जैसे निष्पक्ष संस्था को अपने इशारे पर चलाकर लोकतंत्र को खत्म कर रही है। श्री गांधी ने चुनाव सुधार पर चर्चा में अपनी बात रखते हुए कहा, जिस प्रकार एक धागों से मिलकर कपड़ा बनता है और सभी धागे एक-दूसरे से मिले होते हैं उसी प्रकार हमारे राष्ट्र का भी एक तानाबाना है, जो एक सौ चालीस करोड़ लोगों से मिलकर बनते हैं। एक सौ चालीस करोड़ों के मिलने से हमारा देश बनता है। अगर वोट का आस्तित्व नहीं रहेगा, तब किसी का आस्तित्व नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि जिस विचारधारा ने तीस जनवरी 1948 को महात्मा गांधी की हत्या की थी उसी संगठन के लोग देश के सभी संवैधानिक संस्थानों पर कब्जा कर रही है। विश्वविद्यालयों के कुलपति आज कैसे पहुंचते हैं यह सभी को पता है। कुलपति बनने के लिए किस प्रकार की योग्यता चाहिए वह देश के लोगों को पता है। श्री गांधी के भाषण के दौरान हंगामा होने पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने एक शब्द चुनाव सुधार पर नहीं बोले हैं। हम सुनने के लिए बैठे हैं।



> ऐसे कई मामले हैं जिसमें चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हरियाणा की मतदाता सूची में ब्राजील की महिला का नाम है। उस महिला का नाम 22 बार मतदाता सूची में आता है। इसमें चुनाव आयोग का पूरा-पूरा हाथ था। उन्होंने सारे सबूत रखे लेकिन इस मामले में चुनाव आयोग ने कोई जवाब नहीं दिया है। बार-बार फर्जी मतदाता कैसे बनाये जा रहे हैं। इन सवालों का कोई जवाब नहीं है चुनाव आयोग के पास। चुनाव आयोग पर सत्ताधारी दल ने कब्जा कर लिया है।

# ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में जिला स्तर के लिये 10 छात्रों का चयन



**बिजनौर (चिंगारी)।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय धर्मनगर में विकास क्षेत्र मोहम्मदपुर देवमल की विज्ञान क्विज व प्रोजेक्टर प्रतियोगिता विज्ञान के आरपी जावेद अहमद की देखरेख में आयोजित की गई। विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में भोजपुर के अरुण कुमार, स्वाहेड़ी के सक्षम चौधरी, नसीरी के देव कुमार, काजीवाला की निशात फातिमा, गजरौला की शहरीन परवीन विजयी रहे। जबकि प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में भोजपुरी भरपूर के कृष्णा, स्वाहेड़ी के अनुज कुमार, हेमराज कॉलोनी की निहारिका, अंगाखेड़ी के सुचित्र कुमार, फरीदपुर भोगी के यश कुमार विजयी रहे। इन सभी बच्चों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये चयन किया गया। विजयी प्रतिभागी छात्राओं को स्टेट रिसोर्सपर्सन दुष्यंत कुमार, अरुण कुमार, मोहम्मद तारिक अलीम, जावेद अहमद, आरपी विपिन कुमार आर्य, उषा रानी, अवधेश कुमार ने संयुक्त रूप से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षा संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, जिला मंत्री प्रशांत सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, आराधना चौधरी, डॉ. प्रतीक्षा चौहान, रितु गर्ग, तूलिका चौधरी, जयदीप मलिक, विष्णु कुमार, अमर सिंह, तेजपाल सिंह, अल्पना सिंह, कार्मेंद्र सिंह आदि का सहयोग रहा।

# बैठक में रणनीति बनायी ऐसी, 14 को दिल्ली रैली में जायेंगे अधिक से अधिक कांग्रेसी

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला कांग्रेस कमेटी, बिजनौर की मासिक बैठक मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष जावेद अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 14 दिसम्बर को प्रस्तावित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की रैली की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। रैली को ऐतिहासिक बनाने में बिजनौर जिले से अधिकतम जनसमुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न स्तरों पर कार्ययोजना तैयार की गई। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी का 79वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर तथा फल वितरित करके जन्मदिन की बधाई दी। बैठक में ओमवती देवी (पूर्व सांसद), आर.के.सिंह (पूर्व आईएएस), एड. विक्रम सिंह, विनोद तोमर, अनिल त्यागी, अब्दुल समद आजाद, शाह आलम, मोहम्मद मतीन, मोहम्मद सलीम, हुकुम सिंह, मीनू गोयल, मास्टर रामपाल, इकबाल ठेकेदार, अहसन जमील, हरि सिंह सागर, जसराम सिंह, चौधरी लताफत हुसैन, विश्वमोहन, हाजी नसीम, सुनीता देवी, राशिद हुसैन, प्रदीप ठाकुर, हाजी अहसान, मकसूद, दीपक, मुकंदीलाल, मिंटू, अंकित और अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।



## सलामत रहे जोड़ी तुम्हारी...

# अदीबा हमराह मु. शावेज़

**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार सरफराज खान एवं श्रीमती इशरत जहां की बेटी अदीबा सरफराज़ की शादी ख़ानाआबादी बिजनौर के मोहल्ला कस्साबान निवासी नफीस अहमद मरहूम के बेटे मु. शावेज़ के साथ सम्पन्न हुई। इस उपलक्ष्य में नगर के एक बैंकेट हॉल में आयोजित भव्य समारोह में भारी संख्या में पत्रकारों, राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य लोगों ने शिरकत कर दूल्हा-दुल्हन को अपनी दुआओं से नवाजा। चिंगारी परिवार नवदम्पति के सुखमय जीवन की कामना करता है।

# सुपरहिट फ़िल्म धुरंधर में चमके धामपुर के विवेक

## आतंकी ज़हूर मिस्त्री के किरदार में जमाई अभिनय की धाक

शहबाज़ अनवर 'शोबी'

*'...पड़ोस में रहते हैं हम, गूदे भर का ज़ोर लगा लो... और बिगाड़ लो जो बिगाड़ सकते हो। '*

बॉलीवुड फिल्म धुरंधर जब शुरु ही हुई होती है, तभी कुछ समय बाद एक कलाकार ये डायलॉग बोलता दिखता है। फ़िल्म में अभिनय करने वाला ये बंदा यूं तो आतंकी ज़हूर मिस्त्री का रोल प्ले कर रहा है, लेकिन वास्तव में वह धामपुर शहर के रहने वाले विवेक सिन्हा हैं। अपनी शानदार डायलॉग डिलीवरी और धांसू आवाज़ के दम पर उन्होंने मात्र दस मिनट के किरदार में अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया। वैसे भी बड़े पर्दे, बड़े बजट और शीर्ष अभिनेताओं के साथ दस मिनट का रोल कम नहीं आंका जा सकता है।

विवेक सिन्हा ने मुंबई से फोन पर बताया कि क़रीब आठ माह पूर्व उनके ऑडिशन की बात हुई। इसके बाद फ़िल्म डायरेक्टर आदित्यधर ने ज़हूर मिस्त्री के रोल पर उनको स्वीकृति दे दी। विवेक को फ़िल्म में देखने के बाद उनके जानकार और रिश्तेदार कॉल कर बधाई दे रहे हैं।



### घटाया दस किलो वज़न, 12 साल बाद कटवाए दाढ़ी-बाल

विवेक सिन्हा ने इस फ़िल्म में किरदार में ढलने के लिए अपना दस किलो वज़न घटाया। इसके अलावा लगभग 12 साल से रखी अपनी दाढ़ी और सिर के बालों को भी कटवाया। वज़न घटाने को उन्होंने जिम और स्वीमिंग का सहारा लिया।

### कौन है ज़हूर मिस्त्री जिसका रोल निभाया ?

दरअसल 1999 में कंधार प्लेन हाईजैक में ज़हूर मिस्त्री उर्फ ज़ाहिद अकुंद नाम का आतंकी शामिल था। वर्ष 2022 में ज़हूर को पाकिस्तान के करांची में अज्ञात हमलावरों ने मार डाला था। विवेक कहते हैं कि फ़िल्म में उनकी हत्या रणवीर कपूर करते हैं।



फ़िल्म धुरंधर के एक दृश्य में विवेक सिन्हा

### कौन हैं विवेक ?

विवेक सिन्हा एक युवा अभिनेता हैं जो धामपुर के मोहल्ला खातियान में रहते हैं। उनके पिता का नाम स्वर्गीय कृष्णवीर सिन्हा है। विवेक ने स्कूलिंग शहर के शिखर शिशु सदन विद्यालय से की है। उन्होंने अभिनय में हिमाचल से कोर्स किया। बॉलीवुड फिल्म पीके, पीरियड चार्ट, द पिकअप आर्टिस्ट, मोदी जी की बेटी, तांडव सहित कई फिल्मों में अभिनय किया है। कई टीवी सीरियल और ऐड फिल्म्स की हैं।

## 'धुरंधर' ने 5 दिनों में 152 करोड़ कमाये

**मुंबई ( एजेंसी/चिंगारी )।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' ने भारतीय बाजार में पांच दिनों में 152 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म 'धुरंधर' 05 दिसंबर को भारत में करीब 5,000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल की भी अहम भूमिका है। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, बी 62 स्टूडियोज़ के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से यह फिल्म बनी है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी और इसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'धुरंधर' ने पहले दिन भारतीय बाजार में 28 करोड़ रुपये, दूसरे दिन 32 करोड़ रुपये, तीसरे दिन 43 करोड़ रुपये, चौथे दिन 23.25 करोड़ की जबरदस्त कमाई की है। सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'धुरंधर' ने पांचवें दिन 26.50 करोड़ का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म 'धुरंधर' ने भारतीय बाजार में 152 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।



## नगर पालिका ने अभियान चलाया 20 आवारा कुत्तों को पकड़वाया




**शेरकोट ( चिंगारी )।** आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए मंगलवार को नगर पालिका द्वारा अभियान चलाकर 20 आवारा कुत्तों को पकड़वाया गया। नगर में आवारा कुत्तों की संख्या में निरंतर वृद्धि होने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गली-मौहल्लों में कुत्तों के झुंड घूमने से लोग, बच्चों को घरों से बाहर भेजते हुए घबरा रहे हैं। नगर में कुत्तों के काटने की अनेक घटनाएं होने से नगरवासी परेशान हैं। कुत्तों के आतंक पर अंकुश लगाने के लिए मंगलवार को नगर पालिका द्वारा विशेष अभियान चलाकर 20 आवारा कुत्तों को पकड़वाया गया। पालिका के इस कदम से लोगों ने राहत की सांस ली। मंगलवार की सुबह अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी के निर्देश पर चले अभियान में बिजनौर से आई रेस्क्यू टीम और पालिकाकर्मियों ने मुख्य स्थानों पर कुत्तों को पकड़ने का काम किया। अभियान के दौरान पूरी सतर्कता के साथ 20 आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर गाड़ी में ले जाया गया। अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि पकड़े गए सभी कुत्तों का नियमानुसार नसंबंदी व वैक्सीनेशन आदि कराया जाएगा। उन्होंने कहा ये अभियान हर सप्ताह नियमित रूप से जारी रहेगा। दूसरी ओर लोगों ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों के पकड़े जाने से काफी राहत मिलेगी।

## आरबीआई गवर्नर ने बैंकों से कहा, रेपो दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं

**मुंबई ( एजेंसी/चिंगारी )।** रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों से रेपो दरों में की गयी कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए कहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को सार्वजनिक बैंकों और चुनिंदा निजी बैंकों के प्रबंध निदेशकों एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ यहां एक बैठक की। इसमें आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी. रबी शंकर, स्वामीनाथन जे., डॉ. पूनम गुप्ता और एस.सी. मुर्मू तथा कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। श्री मल्होत्रा ने बैंकों से कहा कि रिजर्व बैंक ने इस कैलेंडर वर्ष में अब तक चार बार में रेपो दर में 1.25 प्रतिशत की कटौती की है। इसके साथ प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का परिणाम ऋण की लागत में कमी के रूप में सामने आना चाहिये और दक्षता बढ़नी चाहिये ताकि वित्तीय समावेशन बढ़ सके। बैंकिंग सेक्टर की मजबूती का जिक्र करते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि उन्हें आत्मतुष्टि का शिकार नहीं होना चाहिये और सतत गतिशील माहौल में हमेशा सतर्क रहना चाहिये। उन्होंने ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सुधार करने और उनकी शिकायतों के समाधान में तत्परता की जरूरत पर जोर दिया।

# गन्ना क्रय केंद्रों पर छापामारी करने की मांग की


नहर विभाग के अधिकारी को ज्ञापन देते किसान।

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत ब्लॉक नजीबाबाद के गन्ना समिति प्रांगण में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार एवं संचालन दुष्यंत कुमार ने किया। जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए गन्ना घटतौली बंद की जाने, गन्ना क्रय केंद्रों पर छापामारी की जाने, बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाने, चीनी मिलों पर मैन्युअल कांटे लगायये जाने, नहर से किसानों के गेहूं में भरे पानी से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने, बिजलीघर जालपुर फीडर के लिए जमीन उपलब्ध कराने, किसानों के नलकूप पर हुई चोरी का खुलासा कराने, डीएपी, यूरिया खाद की उपलब्धता कराने आदि की मांगें की गई। नहर से संबंधित समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन नहर खंड 6 के अधिशासी अभियंता त्रिलोकचंद लांबा को दिया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, मुख्य महासचिव मुकेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, जिला सचिव अमित, सत्यपाल सिंह, मुकुल कुमार, परवेज आलम, रविंद्र सिंह, सूरज, पप्पू, सोनू, गिरिराज, साजिद, विजय, आर्जेंद्र, डॉक्टर शरीफ, रुकन राजपूत, संतराम सिंह, रोहित कुमार, ज्ञान सिंह, प्रमोद, अभिषेक, हिमांशु, अश्वनी, योगेंद्र सिंह, बलराम, सत्यपाल आदि मौजूद रहे।

# प्रधानपति ने अपने खर्च से हटवाये बिजली के तार व खम्भा

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम राहूखेड़ी कोरा के प्रधान पति अबुल वफा ने निजी खर्च से बिजली के तार व खम्भे हटवाते हुए सराहनीय काम किया है। ग्राम पंचायत राहूखेड़ी कोरा राजारामपुर के एक मोहल्ले में कई वर्षों से लोगों के घरों के ऊपर से हाई पावर के विद्युत तार गुजर रहे थे। जिससे क्षेत्र के लोग काफी परेशान थे। यह क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत बड़ी समस्या थी। मोहल्ले वासियों का कहना है कि इन बिजली के तारों की वजह से वो अपने घर की छत पर भी नहीं जाते थे। हर समय बड़ी दुर्घटना का भय रहता था। इस कारण कई बार बड़ी दुर्घटना होने से बाल बाल बची है। वहीं एक विद्युत पोल बिजली का खंभा रोड के बीचों बीच खड़ा हुआ था, जिससे वहां से आने जाने में मोहल्ले वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को ग्राम प्रधान पति अबुल वफा ने गंभीरता से लेते हुए अपने निजी खर्च से ही घरों के ऊपर से जा रहे हाई पावर बिजली के तारों व बीच में खड़े विद्युत पोल खम्भे को हटवाया। कुछ लाइट के नए खम्बे भी लगवाए। इस मौके पर मोहल्ले वासियों ने ग्राम प्रधान प्रधान पति अबुल वफा एडवोकेट के कार्य को सराहनीय कार्य बताया। इस मौके पर ग्राम प्रधान के साथ मोहल्लेवासी भी उपस्थित रहे।


ग्राम प्रधान पति अबुल वफ़ा

## प्रशासन के बुलडोजर लेकर पहुंचने से मचा हड़कंप

नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के भागूवाला में तहसील प्रशासन द्वारा काफी दुकानदारों को नोटिस दिये जाने के बाद मंगलवार को दुकाने खाली कराने के लिए मौके पर बुलडोजर लेकर पहुंचने से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदारों के इसका विरोध करने से मौके पर भारी संख्या में पुलिस बुलाई गई। प्रशासन की ओर से अब बस स्टैंड की जमीन को खाली करने के लिए पांच दिन का समय दिया गया है। दुकानदारों का कहना है कि उनकी जमीनें एनएच में जाने के बाद उन्हें वर्ष 2019 के सर्किल रेट के अनुसार मुआवजा दिया जा रहा है जो वर्तमान कीमत से बहुत कम है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोनिया के जन्मदिन पर फल बांटे

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने सांसद एवं पूर्व कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर नगर के प्रेमधाम आश्रम में अनाथ बच्चों के बीच जाकर फल वितरित कर जन्म दिन मनाया। कार्यकर्ताओं ने श्रीमती सोनिया गांधी की लम्बी आयु के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, जिला सचिव एम. अकरम खां, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, शराफत चौधरी, डॉक्टर सलीम सैफी, कारी नौशाद, मंडल अध्यक्ष सिताब खान, परवेज अली, जफर आलम आदि मौजूद रहे।

## अवैध रूप से संचालित स्टोन क्रेशर की जांच कराने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम मथुरापुर मोर निवासी सरदार सतनाम सिंह पुत्र बलवेंद्र सिंह ने भूतत्व एवं खनिज कर्म निदेशालय उत्तर प्रदेश खनिज भवन लखनऊ को क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित किये जा रहे मैसर्स शम्भू स्टोन क्रेशर मथुरापुर मोर के संचालन के संबंध में शिकायत भेजी है। आरोप है कि उक्त क्रेशर द्वारा अवैध रूप से रात्रि में नदी से अवैध खनन कराकर खनन सामग्री प्राप्त की जा रही है। उत्तराखंड के कोटद्वार से आरबीएम बिना रॉयल्टी दिये उक्त क्रेशर पर आ रही है। स्टोन क्रेशर पर खनन सामग्री पर आईएसटीबी व अन्य करों का भुगतान न करके अवैध रूप से कारोबार किया जा रहा है। क्रेशर से होने वाले क्रय विक्रय का कोई बिल उपभोक्ताओं को नहीं दिया जाता है। सरदार सतनाम सिंह ने उपरोक्त तथ्यों की तत्काल जांच कराकर दोषी क्रेशर मालिक पर कार्रवाई की मांग की है।

## निष्पक्ष पत्रकार की लेखनी जनता के लिए प्रेरणास्त्रोत होती है: राजकुमार

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम सभाचंदपुर भरैका निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार कश्यप ने कहा है कि निष्पक्ष पत्रकार की पत्रकारिता विश्वनीय, पारदर्शी व जनता के लिए प्रेरणा का स्त्रोत होती है। पत्रकार को निर्भीकता के साथ बिना भेदभाव के समाजहित में कलम चलाते हुए अपना कर्त्तव्य निभाना चाहिए। किसी भी खबर की सच्चाई को उजागर करने में पत्रकार की अहम भूमिका होती है। समाचार पत्रों में संपादकीय, विचार मंच व आलेख आदि का संग्रह निष्पक्ष, पारदर्शी व लोकप्रिय होना चाहिए। मगर आज के दौर में पत्रकारिता करना भी चुनौती है। उन्होंने निष्पक्ष पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों के लिए सुरक्षा की भी व्यवस्था कराने की मांग की।

## मीटिंग में पेंशनर्स की अनेक समस्याओं पर चर्चा की गई

नजीबाबाद (चिंगारी)। राजस्व पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन शाखा नजीबाबाद की मासिक बैठक तहसील परिसर स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता ऋषिपाल सिंह एवं संचालन तहसील मंत्री बलराम राजवंशी ने किया। संरक्षक सदस्य श्याम सिंह उपस्थित रहे। मीटिंग में पेंशनर्स की अनेक समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि पेंशन भोगियों के संबंध में आठवें वेतन आयोग में विभिन्न भ्रांतियां की जा रही है। पेंशनर धीर सिंह व राजू सिंह से की गई अधिक कटौती का भुगतान कराने, नेतराम सिंह का दस प्रतिशत अवशेष का भुगतान अतिशीघ्र कराने तथा हरिराम सिंह व श्याम सिंह के चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल सीएमसी के यहां लम्बित है का भुगतान शीघ्र कराने की मांग की गई। मीटिंग में श्याम सिंह, धीर सिंह, धर्मेंद्र कुमार, हरिराज सिंह, महावीर सिंह, नेतराम सिंह, खुशीराम भारती, बलराम राजवंशी, राजू सिंह, ऋषिपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। अंत में समिति के सदस्य अनिल कुमार शर्मा की माता के स्वर्गवास पर दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया।

# फर्जी चल रहे राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड की जांच की मांग



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला बांसफोड़ान निवासी शादाब पुत्र मुमताज ने राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित शादाब ने इस संबंध में संबंधित अधिकारी को दिये शिकायती पत्र में कहा कि राशन डीलर की धांधली के चलते उसके राशन कार्ड का फायदा रम्पुरा का एक अन्य परिवार उठा रहा है। साथ ही उसके राशन कार्ड पर कोई अन्य व्यक्ति आयुष्मान कार्ड बनवाकर चला रहा है। जिससे वह पात्र होते हुए राशन व आयुष्मान कार्ड की सुविधा से वंचित है। इस संबंध में वह कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत कर चुके है। मगर समस्या का अभी तक समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने मामले की जांच कराकर उसके नाम पर चल रहे राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड का उसे फायदा दिलाने की मांग की।



# रोगों का दरवाजा मोटापा

**डॉ. मिक्की मेहता**

भारत में ओवरवेट और मोटापे के शिकार लोगों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। आशंका है कि वर्ष 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे की गिरफ्त में होंगे। समय रहते जीवनशैली न बदली तो इनमें भी हम युवाओं में मोटापे की श्रेणी में चीन को भी पछाड़ देंगे।

मोटापे का उपचार दो तरह से हो सकता है। पहला, स्वस्थ जीवनशैली को अपनाकर इसे पनपने, बढ़ने और बीमारी का रूप लेने से पहले ही जड़ से कुचल दिया जाए। दूसरा, महंगी दवाओं, इलाज और सर्जरी पर अपनी गाढ़ी कमाई का वह पैसा खर्च किया जाए, जो आपकी जिंदगी को किसी और रूप में बेहतर बना सकता था। वजन हमारा दुश्मन नहीं है। हां, जब वो बोझ बनता है तो बीमारियां लाता है। अति ओर गति ये दोनों चीजें इंसान के लिए हानिकारक हो सकती हैं। खाने से मोह और इसकी अति वजन बढ़ा देती है। इन दिनों वन मील ए डे (ओएमएडी), वारियर डाइट से लेकर तमाम तरह की इंटरमिटेंट डाइट प्रचलन में हैं। जबकि भारतीय परंपरा में तो वन मील ए डे का अभ्यास सदा से होता आया है, जहां पर लोग जीने के लिए भोजन करते थे, भोजन के लिए नहीं जीते थे। ओएमएडी प्लान में हमारे शरीर की पाचन शक्ति को खाना पचाने के लिए कई घंटे मिलते हैं। भोजन से जरूरी तत्व सोखने और उससे अपशिष्ट बाहर निकालने के लिए शरीर बड़े सुकून से ऊर्जा बचाकर भोजन पचाता है। आमतौर पर लोग दोपहर का भोजन पचने से पहले ही शाम को फास्टफूड या हैवी स्नैकिंग कर लेते हैं, जो भोजन पचता नहीं है, वह भोजन हमारे शरीर पर नकारात्मक प्रभाव छोड़ जाता है, इसी से मोटापे का जन्म होता है।



मोटापा घटाने के लिए साइकिल चलाना एक अच्छा व्यायाम।

## भोजन का श्रेष्ठ समय क्या?

संतुष्टि और संतुलन के लिए दिन में एक बार भोजन करें, वह भी दोपहर में 10 बजे से दो बजे के बीच, जब पाचन शक्ति शिखर पर होती है। 12 बजे यह पित्तकाल सबसे तेज होता है। उस काल में जो भोजन करता है, उसमें कहा जाता है कि विष भी अमृत बन सकता है। तो दोपहर का एक भोजन करें, बाकी सुबह फल, अंकुरित दालें आदि खा सकते हैं और शाम को सूप या काढ़ा पी सकते हैं। इस तरह किया गया आंतरिक उपवास आपको स्वच्छ रखता है और उसकी वजह से आप स्वस्थ रहते हैं। अंदर से हल्के रहेंगे, तो मन हल्का रहेगा और मन हल्का रहेगा, तो मानसिक पीड़ाएं जकड़कर नहीं रख सकती हैं।

## स्वस्थ रहने का सरल तरीका



भारतीयों में मोटापा इस वजह से भी आता है, क्योंकि हमने अतिशय चिकनाई और मैदा खाना शुरू कर दिया है। पैकेटबंद भोजन, प्रोसेस्ड, फ्लेवर्ड भोजन खाना आरंभ कर दिया है। हम सूर्योदय से पूर्व उठना भूल चुके हैं और रात्रिचर जीवों की तरह जागने लग गए हैं। इससे हमारी बॉडी क्लाक का संतुलन डगमगा गया है। अगर हम अपने ऋषि-मुनियों की परंपरा में लीन हो जाएं तो हर भारतीय स्वच्छ हो जाएगा, स्वस्थ हो जाएगा, उसकी सिद्धि हो जाएगी, उसमें संकल्प आ जाएगा, उसको सिद्धि हो जाएगी, उसमें संकल्प आ जाएगा और वो समृद्ध हो जाएगा। इसी तरह हमारी दिनचर्या में योग अभ्यास शामिल हो, स्वस्थ रखने के लिए हम साइकिलिंग की परंपरा को अपना लें, जिसमें बच्चे स्कूल-कालेज और व्यस्क काम पर साइकिल से ही जाएं। इससे सेहत में सुधार तो होगा ही, ईंधन की खपत भी कम होगी और पर्यावरण स्वच्छ भी रहेगा।

## रोगों का दरवाजा

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार मोटापा कई गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के लिए दरवाजा है, जिसमें टाइप-टू मधुमेह, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक और विभिन्न प्रकार के कैंसर शामिल हैं। इससे प्रभावी ढंग से निपटन के लिए स्वास्थ्य सेवा, खाद्य वातावरण, सार्वजनिक नीतियों और सामाजिक संरचनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, ताकि सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य बनाया जा सके।

# सेहत के प्रति लापरवाही यानी कई बीमारियों को दावत

बीमारियां आते-जाते मौसम के साथ लगी ही रहती हैं। जिसके पीछे कमजोर इम्युनिटी और प्रदूषण जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। इन्हें मौसमी या छोटी समझकर अनदेखा करना बहुत भारी पड़ सकता है। किसी बड़ी बीमारी के होने के पीछे यही लापरवाही होती है। ऐसी ही कुछ बीमारियों से संबंधित कुछ जानकारियां यहां दी जा रही हैं।



**वजन कम होना, हो सकता है थायराइड**

एका एक वजन कम होने पर भले किसी को अच्छा लगे कि बिना किसी मेहनत के वजन घटा लिया, लेकिन ये इशारा करता है कि शरीर के साथ जरूर कुछ गलत हो रहा है। इसका कारण बहुत ज्यादा काम, खाने की बदलती आदतें हो सकती हैं, जो लंबे समय से कई बीमारियों जैसे थॉयरॉइड आदि की वजह बनती हैं।

**गले में या जबड़े में दर्द को गंभीरता से लें**

वैसे तो ये समस्या दांतों या टॉन्सिल के कारण हो सकती है। लेकिन इनडाइजेशन के कारण कई बार ऐसे एसिड्स पैदा होते हैं जो गले वाले भाग में दर्द पैदा करते हैं। इसके अलावा हार्ट में ऑक्सीजन की कमी के कारण भी छाती, गले और जबड़ों में दर्द होता है, जिसे अनदेखा करना बड़ी बीमारियों को बुलावा देना हो सकता है। इसलिए मुंह में दर्द को लेकर हो रहे बदलाव को गंभीरता से लें।

**थोड़े काम से थकान मतलब कई तरह की समस्याएं**

थोड़े काम के बाद ही थकान महसूस हो तो ये इशारा है कि शरीर में न्यूट्रिशन की कमी हो रही है। वहीं एनीमिया, विटामिन डी की कमी, थॉयरॉइड के कारण भी थकान जल्द महसूस होने लगती है। हार्ट व फेफड़ों की समस्या के कारण जब मांसपेशियों को ऑक्सीजन पूर्ण रूप से नहीं मिलता, तो भी इसकी शिकायत होती है।

**नाखूनों में बदलाव**

नाखून भी आंखों जैसे होते हैं जो हमारी सेहत के बारे में बहुत कुछ बताते हैं। इनसे एनीमिया या किसी भी तरह की बीमारी का आसानी से पता चल सकता है। नाखूनों में खून के छोटे-छोटे क्लॉट ब्लड इन्फेक्शन की ओर इशारा करते हैं। इसी तरह काले या भूरे रंग के धब्बे स्किन कैंसर का भी कारण हो सकते हैं, इसलिए नाखूनों को सिर्फ मैल से पटे हैं, सोचकर अनदेखा न करें। यह हेल्थ के बारे में काफी कुछ सच कहते हैं।

**झुनझुनी होना**

ये बहुत ही सामान्य सी बात है और रूमेटॉयड आर्थराइटिस में ये आम समस्या होती है। इसमें अंगुलियों के पोरों या कई बार गर्दन व उससे नीचे के हिस्से में झुनझुनाहट महसूस होती है। इसके अलावा ये डायबिटीज, विटामिन बी 12 की कमी, थॉयरॉइड, कार्पल टन, सिंड्रोम जैसी बीमारियों का संकेत होती है। कभी-कभी यह झुनझुनाहट बढ़कर शरीर को सुन्न भी कर देती है।

# सामाजिक बनें, लंबा जीवन पायें

**क्या आप लंबा जीवन जीना चाहते हैं? इसके लिए आपको थोड़ा सामाजिक बनना होगा। अमेरिका के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार सामाजिक रूप से सक्रिय रहने पर 60 वर्ष से अधिक उम्र के महिला-पुरुषों में मृत्यु का जोखिम कम हो जाता है। 2,200 महिला-पुरुषों पर किए गए इस अध्ययन के अनुसार सामाजिक भागीदारी वाले वृद्ध महिला-पुरुषों की मृत्यु की संभावना न्यूनतम सामाजिक संपर्क वाले बुजुर्गों की तुलना में 42 प्रतिशत कम हो पाई गई। इसके अलावा सामाजिक रूप से सक्रिय महिला-पुरुषों में मधुमेह और हृदय संबंधी रोगों जैसी दीर्घकालिक बीमारियों की दर भी कम पाई। यहीं नहीं, अवसाद की दर भी सामाजिक जुड़ाव वाले बुजुर्गों में 7-8 प्रतिशत और कम जुड़ाव वाले बुजुर्गों में 15.7 प्रतिशत देखने को मिली। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार, दान या स्वयंसेवा करना, नाती-पोतों के साथ खेलना और सामाजिक क्लबों में भाग लेना लंबा जीवन जीने के लिए सबसे फायदेमंद गतिविधियों में से शामिल है।**

# किस दिशा में हो दुकान? वास्तु

हर व्यक्ति अपनी आमदनी कमाने के लिए अलग रास्ता चुनता है। कुछ लोग मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करते हैं तो कुछ दुकान चलाते हैं। आजकल दुकानों का किराया ज्यादा होने से लोग घर में ही दुकान खोलना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आप भी घर में दुकान खोलने का विचार कर रहे हैं, तो वास्तु नियमों का ध्यान जरूर रखें।



**स्थानः-** दुकान घर के मुख्य द्वार के निकट या पूर्व, उत्तर-पूर्व दिशा में होनी चाहिए। यह दिशा सकारात्मक ऊर्जा लाती है और व्यवसाय को बढ़ावा देती है। दक्षिण या दक्षिण-पश्चिम दिशा में दुकान खोलने से बचे, क्योंकि ये दिशाएं आर्थिक नुकसान और बाधाएं ला सकती हैं।

**प्रवेश द्वारः** दक्षिण-पूर्व अथवा उत्तर पश्चिम दिशा में द्वार वाली दुकान 10 से 20 वर्ष तक अच्छा व्यवसाय करती है। इसके बाद व्यवसाय धीरे-धीरे कम हो जाता है।

**काउंटर :** दुकान का काउंटर दक्षिण, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम अथवा उत्तर- पश्चिम में रखे। इससे धन का प्रवाह बढ़ता है।

**सजावटः-** दुकान में अधिकतम फर्नीचर लकड़ी के होने चाहिए। दीवारें सफेद, हल्के, पीले या हरे रंग की होनी चाहिएं। ये रंग मन को शांति देते हुए सौभाग्य लाते हैं।

# ..एक शख़्स सारे शहर को विरान कर गया

## जन्म जंयती पर डाक्टर नृपेंद्र वर्मा को शत-शत नमन

अश्मनी विश्नोई

स्योहारा ( चिंगारी )। समाज सुधारक मरीजों का हंसते-हंसाते इलाज करने वाले डाक्टर नृपेंद्र वर्मा जी का जन्म आज के दिन 1935 में गांव लाम्बाखेड़ा के चौधरी रघुवंश सिह के घर हुआ था। डाक्टर सहाब शुरू से ही मेधावी रहे और अपनी चिकित्सा की पढ़ाई पूरी कर वह महज 25 वर्ष की उम्र में स्योहारा आकर बस गये। डाक्टर साहब आयुर्वेदाचार्य चिकित्सक के रूप में जाने जाते थे। आज के चिकित्सक डाक्टर साहब को अपना आर्दश मानते हैं, वह साइकिल पर सवार होकर व घर-घर रोगियों को उपचार देने जाते थे। डाक्टर साहब की खासियत तो यह थी कि जिससे वह एक बार मिल लेते थे उसे कभी नहीं भूलते थे। डाक्टर साहब का चिकित्सा के क्षेत्र में जब कद बढ़ा



अपने पोती-पोतों के साथ डाक्टर नृपेंद्र वर्मा (फाइल फोटो)

तो 1988 में इनकी चिकित्सा और समाजसेवा को देखते हुए तत्कालीन राज्यपाल सुरजभान सिंह ने सम्मानित किया। डाक्टर निपेन्द वर्मा मेधावियों से हमेशा खुश रहे और अपनी पत्नी स्वर्गीय धर्मवति के नाम से छात्रवृत्ति मेधावियों को देते रहे। साथ ही अपने पिता चौधरी रघुवंश सिह के नाम से वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराते रहे। डाक्टर नृपेंद्र हमेशा शिक्षा को अहम मानते थे। डाक्टर साहब से मिलकर ऐसा लगता था मानो सूखी रेत को पानी की ठंढक मिल गयी हो। सदैव आपसी सौहार्द बनाने की बातें करते और हिन्दू-मुस्लिम को एकजुट रखते थे। डाक्टर नृपेंद्र वर्मा का जब स्वास्थ्य खराब हुआ तो वह बिस्तर पर लेटकर ही रोगियों का उपचार करते थे। वह कहते थे कि मैं इन रोगियों को रोगी नहीं समझता यह तो मेरी दवाई है। डाक्टर साहब अपनी बीमारी से लड़ते-लड़ते हार गये और दूसरों को हंसाने वाले 6 मार्च 2019 को सबको रुलाकर चले गये। अंत में खालिद शरीफ का एक शेर- बिछड़ा कुछ इस अदा से कि रूत ही बदल गयी, इक शख्स सारे शहर को विरान कर गया।

## यूपी में कटेंगे तीन करोड़ मतदाताओं के नाम- चुनाव आयोग

### सूची से हटाए गये नामों की दोबारा जांच करें



लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से काटने के लिए चिह्नित मतदाताओं के मामले में दोबारा जांच करने के निर्देश सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये हैं। अभी तक इस श्रेणी में 18.48 प्रतिशत मतदाता चिह्नित किए गए हैं। आयोग ने समीक्षा बैठक में इस संख्या को काफी ज्यादा माना है। स्थिति यह है कि अभी तक की रिपोर्ट के अनुसार, करीब तीन करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएंगे, जो कि केरल के मतदाताओं की कुल संख्या से भी ज्यादा है। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उपनिर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग की अध्यक्षता में प्रदेश के सभी मंडलायुक्त, रोल प्रेक्षक, विशेष रोल प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारियों और अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक हुई। इसमें विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की गई। प्रदेश में कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं के गणना प्रपत्र के सापेक्ष 98.14 प्रतिशत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का काम पूरा हो चुका है। इन डिजिटाइज गणना प्रपत्रों में 79.95 प्रतिशत गणना प्रपत्र मतदाता या उसके परिवार के सदस्य के हस्ताक्षर के बाद प्राप्त हुए हैं।

## माइक्रोसॉफ्ट ने की भारत में 17.5 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा



नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने चार साल में भारत में 17.5 अरब डॉलर (लगभग 1,573 अरब रुपये) के निवेश की घोषणा की है, जो एशिया में कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा निवेश होगा। कंपनी ने यह घोषणा यहां मंगलवार को विभिन्न वैश्विक कंपनियों के प्रमुखों से यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात के बाद की। मुलाकात करने वालों में माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी सत्य नडेला भी थे, प्रधानमंत्री ने इस घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे देश के युवाओं को नवाचार का अवसर मिलेगा। श्री सत्य नडेला ने श्री मोदी के साथ मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, देश की आकांक्षा का समर्थन करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट 17.5 अरब डॉलर का निवेश करेगी। यह एशिया में हमारा अब तक का सबसे बड़ा निवेश होगा। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह निवेश 2026 से 2029 के बीच किया जायेगा। इससे पहले जनवरी 2025 में उसने भारत में पांच अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की थी। कंपनी ने साल 2030 तक देश में दो करोड़ लोगों के कौशल विकास की प्रतिबद्धता जतायी है जो जनवरी की घोषणा के मुकाबले दोगुना है। उसने बताया कि उसका नया डाटा सेंटर अगले साल के मध्य तक ऑपरेशनल हो जायेगा।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
ATHER ELECTRIC DECEMBER
You can wait or YOU CAN SAVE ₹ 20 000*
₹10 000 On Credit Card
₹10 000 Cash benefits

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# नूरपुर से ही खाद दिये जाने की मांग



भाकियू टिकैत की पंचायत में सदस्यता ग्रहण कराते अमरपाल चौधरी।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत गन्ना समिति में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता चौधरी घसीटा सिंह व संचालन सुधीर शर्मा ने किया। पंचायत में वक्ताओं ने बताया कि झीरन पुरैना के किसानों को खाद नूरपुर समिति से मिलता था, लेकिन यहां से हटाकर गोहावर समिति जोड़ दिया गया, जिसका किसानों ने विरोध करते हुए नूरपुर समिति से ही खाद दिये जाने की मांग की। पंचायत में समिति के चेयरमैन अमित चौधरी उर्फ बॉबी को बुलाकर खाद सम्बंधित समस्या से अवगत कराया। पंचायत में पहुंचे समिति के चेयरमैन अमित चौधरी ने झीरन पुरैना के किसानों को नूरपुर समिति से ही खाद मिलने का आश्वासन दिया। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल ने मोहित चौहान को संगठन की टोपी पटका पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। पंचायत में प्रदेश संगठन मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा, जिला सचिव मास्टर देवेंद्र सिंह, अशोक चौधरी, मीडिया प्रभारी डा. शमीम राही, डॉ. इशरत अली वारसी, नगर अध्यक्ष कफ़ील सैफ़ी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मोनू चौधरी, सुभम चौधरी, सुमित चौधरी, धर्मपाल सिंह, दुष्यंत यादव, कावेंद्र मलिक, ललित चौधरी, रामकुमार सिंह, इरफान अली, सुनील कुमार, दिनेश चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, भोपाल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाकियू ने बैंक और बिजली की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई



समस्याओं के समाधान की मांग करते किसान।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** भाकियू (टिकैत) के पदाधिकारियों/सदस्यों ने मंगलवार को अफजलगढ़ पहुंचकर बैंक व बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर समाधान की मांग की। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान के नेतृत्व में संगठन के अनेक पदाधिकारी/सदस्य सर्वप्रथम पीएनबी अफजलगढ़ पहुंचे और मेटलाइफ बांड योजना में किसानों/क्षेत्रवासियों की समस्याओं के अविलंब समाधान को लेकर बैंक प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। तत्पश्चात किसान अफजलगढ़ बिजलीघर पहुंचे और मनमाने ढंग से किसानों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए नाराजगी का इजहार कर किसानों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान सहित सरदार मुख्तयार सिंह, रमेशचंद्र शेखावत, देवेंद्र कौशिक, डॉ. राजपाल सिंह, संजय शर्मा आदि किसान मौजूद रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार अली शेर शाह का इंतेकाल

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बास्टा निवासी वरिष्ठ पत्रकार अली शेर शाह का आज तड़के इंतकाल हो गया। उनकी आयु लगभग 60 वर्ष थी। वे पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। पत्रकार अली शेर के इंतकाल की खबर से उनके आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। वे अपने पीछे भरे पूरे परिवार को छोड़ गये हैं। अली शेर पिछले कई दशकों से पत्रकारिता से जुड़े हुए थे। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।



अली शेर शाह का फाइल फोटो

# बराबरी पर छूटा नोएडा व देहरादून का फुटबॉल मैच

**नगीना ( चिंगारी )। ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में नोएडा ( नाइजीरियन ) व देहरादून के बीच हुए कांटे के मुकाबले में मैच का परिणाम बराबरी पर छूटा।**



मैच ट्राई होने पर खुशी जताते खिलाड़ी।

मंगलवार को हिन्दू इंटर कॉलेज के निकट स्थित मैदान पर नगीना फुटबॉल क्लब की तरफ से आयोजित हो रहे याद-ए-खलील नाम से ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा सेमी फाइनल मुकाबला नोएडा (नाइजीरियन) व देहरादून की टीम के बीच खेला गया। निर्धारित समय अवधि में जब दोनों टीमों का स्कोर 3-3 से बराबरी पर रहा तो रैफरी ने परिणाम निकलने के लिए दो बार अतिरिक्त समय दिया। अतिरिक्त समय में दोनों टीमों ने रोमांचक खेल का प्रदर्शन किया तथा एक-दूसरे को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। मैच तीन-तीन से बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूट आउट के जरिए मैच का परिणाम निकालने का निर्णय हुआ, लेकिन अंधेरा ज्यादा होने के चलते मैच आगे नहीं खेला जा सका। मैच में रैफरी गोहर निसार, लाइनमैन सुभाष कपूर उर्फ पप्पी, शमशाद मुल्तानी, कमैन्ट्रेटर आज़म मुल्तानी व इरफ़ान अंसारी रहे। इस मौके पर नगीना फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल, प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, आफ़ताब मुल्तानी, नौशाद अप्पा, इक़बाल कुरैशी, शिब्ली निसार, अशोक कुमार, मंजीत विश्नोई, सय्यद जुबैर ज़ैदी, ज़ाहिद अंसारी, निसार मुल्तानी, शेख़ मोहम्मद जमशेद आदि मौजूद रहे।


## बंद पड़ा था मकान चुरा लिया सामान

**चांदपुर ( चिंगारी )।** चोरों ने बन्द पड़े मकान में कुम्बल लगाकर आभूषण व 25 हजार की नकदी चोरी कर ली। ग्राम अकौंधा निवासी राजपाल सिंह बाहर रहते हैं तथा उनकी पत्नी रिश्तेदारी में गई हुई थी। चोरों ने घर में कुम्बल लगाकर वहां से 25 हजार रूपए की नकदी के साथ-साथ 3 अंगूठी, 3 लौंग, गले की चेन, सोने के दो ओम चोरी कर लिये। राजपाल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## 4 नलकूपों से स्टार्टर चोरी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** चोरों ने एक रात में 4 किसानों के नलकूपों से स्टार्टर, डोरी आदि चोरी कर लिये। थाने में दी गई तहरीर में ग्राम सैंदवार निवासी विनोद कुमार ने बताया कि चोरों ने उसके नलकूप के साथ-साथ ब्रजेश कुमार, लाल बहादुर व सुधीर कुमार के नलकूप से स्टार्टर, डोरी आदि सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# पूर्व सभासद जाफ़र सैफ़ी का इंतकाल, मुहल्ले में शोक व्याप्त



मोहम्मद जाफ़र सैफ़ी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद के मोहल्ला इस्लामनगर वार्ड 14 के पूर्व सभासद मोहम्मद जाफ़र सैफ़ी (65) का इन्तकाल हो गया। रविवार की रात उन्हें सीने में दर्द की शिकायत होने पर परिजन उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास चांदपुर ले गए, हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने मुरादाबाद रैफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान सुबह पांच बजे उनकी मौत हो गई। उनकी मौत से परिजनों में गम की लहर दौड़ गई। उनके इन्तकाल की ख़बर सुनकर राजनीतिक व सामाजिक लोगों का उनके आवास पर तांता लग गया। पूर्व पालिकाध्यक्ष हाजी इरशाद अली ने कहा कि वह एक नेकदिल मिलनसार व जांबाज व्यक्ति थे। पूर्व राज्यमंत्री हाजी कुतुबुद्दीन अंसारी, सभासद असलम मलिक, पूर्व सभासद हाफ़िज़ ज़फ़र, मोहम्मद आजम मिकरानी, शमीम अल्वी एडवोकेट, व्यापारी नेता तसलीम अहमद इदरीसी, कफ़ील सैफ़ी आदि ने उनके आवास पर पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाया।

# मुरलीवाला में हाथियों ने फसलें रौंदीं, किसानों में रोष

## शिवसेना ने समाधान की मांग उठाई



हाथियों द्वारा उजाड़ी गई फसलें देखते मायूस किसान।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड सीमा के निकट स्थित मुरलीवाला व आसपास के क्षेत्र के खेतों में आएदिन उत्तराखंड के कालागढ़ वन क्षेत्र की ओर से आ रहे हाथियों के झुंड फसलों को रौंद रहे हैं। रात में हाथियों द्वारा फसलों को बुरी तरह रौंधा जाता है और सुबह सवेरे जब किसान अपनी तमाम उम्मीदें लेकर खेत पर पहुंचते हैं तो खून-पसीने से उगाई जा रही फसलों को जमीन पर बिछी हुई देख ठगे से खड़े रह जाते हैं। सोमवार/मंगलवार की मध्य रात्रि भी हाथियों ने मुरलीवाला के कई खेतों में जमकर उत्पात मचाया और गन्ने व गेहूं की फसलों को रौंधते हुए किसानों को भारी नुकसान पहुंचा दिया। किसानों में इसे लेकर भारी रोष है। इस बीच शिवसेना (यूबीटी) किसानों की हिमायत में आगे आई है। शिवसेना के जिला प्रमुख संजय राणा ने संबंधित वनाधिकारियों से शीघ्र ही वन्यजीवों की रोकथाम के उचित कदम उठाने की मांग की है। उधर इस संबंध में नगीना वन रेंज के क्षेत्रीय वन दरोगा सुनील कुमार राजौरा ने उत्तराखंड वनाधिकारियों को इसका जिम्मेदार ठहराया और कहा कि हाथियों की रोकथाम को लेकर उत्तराखंड के वनकर्मियों द्वारा कोई संतोषजनक सहयोग नहीं मिल पा रहा है।

# किसानों की कृषि भूमि माफियाओं को दे दी?

नांगल सोती ( चिंगारी )। दर्जनों किसानों ने आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री से शिकायत कर वन विभाग के अधिकारियों पर उनकी कृषि भूमि, भू-माफियाओं को देने का गंभीर आरोप लगाया है, जबकि वन विभाग के रेंजर ने आरोपों को एकदम बेबुनियाद बताया है।

नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के मौजा तिसोतरा, तैय्यबपुर गौरवा, लालपुर सोजीमल, शरीफपुर बंगर के किसानों सकटू, मुन्ना, बुद्ध सिंह, राजकुमार, शमशेर, वसीम, दारा सिंह, जितेन्द्र, राजेश, सुलेमान, रघुवीर, नीटू, आदेश, परवीन आदि ने आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में वन विभाग के रेंजर एवं दरोगा पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में किसानों ने कहा है कि उपरोक्त मौजों में स्थित उनकी हजारों बीघा कृषि भूमि गंगा नदी द्वारा किये गये भारी भूमि कटान के कारण उत्तराखंड की सीमा के करीब पहुंच गई थी। उक्त भूमि की पैमाइश कर निशानदेही का कार्य जिलाधिकारी बिजनौर और जिलाधिकारी

## वन विभाग के रेंजर ने आरोप निराधार बताया

हरिद्वार के आदेश पर दोनों ओर के राजस्व विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में पिछले दो वर्षों से चल रहा था। उक्त पैमाइश कार्य अक्टूबर, 2025 में समाप्त हो गया है। रालोद नेता सरदार बुद्ध सिंह का कहना है कि तहसील नजीबाबाद के राजस्व विभाग के अधिकारियों ने उक्त भूमि को भू-माफियाओं से कब्जामुक्त कराते हुए किसानों को दिये जाने हेतु वन विभाग के रेंजर तथा दरोगा की सुपुर्दगी में 30 अक्टूबर, 2025 को दे दिया था। रालोद नेता का आरोप है कि उन्होंने यह भूमि किसानों को न देकर, पहले से कब्जा किये हुए भू-माफियाओं को ही दे दी है। इससे किसानों के सम्मुख रोजी-रोटी का संकट गहराया हुआ है। रालोद नेता व किसानों ने मुख्यमंत्री से इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग की है। उधर, नजीबाबाद वन प्रभाग (आरक्षित) की राजगढ़ रेंज के रेंजर विजेन्द्र प्रताप सिंह ने आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद बताया है। उनका कहना है कि अभी पैमाइश पूरी ही नहीं हुई है।

# तेज़ रफ्तार बाइक फिसलने से युवक की मौत, ससुर घायल

खासपुरा ( चिंगारी )। हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव खासपुरा में तेज रफ्तार मोटर साइकिल फिसलने से बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा उसका ससुर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।



मृतक का फाइल फोटो

नूरपुर क्षेत्र के ग्राम मंगोलपुरा निवासी टिंकू (28) पुत्र कलवा की ससुराल ग्राम पुट्ठा में है। मंगलवार की शाम सात बजे टिंकू बाइक से ससुर 56 वर्षीय नरेश पुत्र गिरधारी को छोड़ने ससुराल जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार सामने से अचानक आये वाहन को देख टिंकू ने अपनी बाइक का तेजी से ब्रेक लगा दिया। तेजी से ब्रेक लगने पर तेज रफ्तार बाइक अनियन्त्रित होकर सड़क पर फिसल गई और टिंकू का सिर सड़क पर टकरा गया, जिस से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका ससुर नरेश मामूली रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि चार माह पूर्व मृतक की पत्नी नीलम की भी गंभीर बीमारी के चलते मौत हो गई थी। मृतक के छः वर्षीय और चार वर्षीय बेटी दो वर्षीय पुत्र का पिता था। इन बच्चों के ऊपर से चार माह के भीतर मां-बाप का साया उठ गया। घटना से मां मूर्ति देवी का रो रोकर बुरा हाल है। तीन बच्चों के जिम्मेदारी उसके सिर पर आ पड़ी है।

# कुरआन हिफ़्ज़ करने वाले 14 छात्रों की दस्तारबंदी



नूरपुर ( चिंगारी )। सोमवार को मदरसा अल-महद अल-इस्लामी में आयोजित कार्यक्रम में कुरआन हिफ्ज़ करने वाले 14 बच्चों की दस्तारबंदी की गई। प्रोग्राम में मेहमान-ए-खुसूसी के तौर पर मौलाना यहया सहसपुरी व मुफ्ती मोहम्मद शाहिद अमरोहा मौजूद रहे। प्रोग्राम की निज़ामत मौलाना मोहम्मद फ़ैसल दारुल उलूम वक्फ़ देवबंद ने की। प्रोग्राम को खि़ताब करते हुए मुफ्ती मोहम्मद शाहिद (अमरोहा)ने कहा कि तालीम और हिफ़्ज़-ए-कुरआन की अहमियत पर रोशनी डाली। प्रोग्राम में 14 छात्रों की मोहम्मद उज़ैर, अबू हुरैरा, अबूजर, मोहम्मद अफ़्फ़ान, मोहम्मद शादाब, मोहम्मद हुज़ैफ़ा, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद अर्श, मोहम्मद हुज़ैफ़ा, नजीबुर्रहमान, मोहम्मद मोहसिन, मोहम्मद समीर, मोहम्मद फ़रमान, मोहम्मद उमैर की दस्तारबंदी की गई। प्रोग्राम में मदरसा के सदर मुफ्ती वहाजुद्दीन कासमी, मुफ़्ती इफ्तिखार, मौलाना अबरार कासमी, कारी सदाकत, कारी बिलाल, मौलाना आदिल, कारी शमीम, कारी फखरुद्दीन, इमरान मैराजी, हकीम कारी असरारुल हक, काज़ी इदरीस आदि मौजूद रहे।

# 12 महिलाओं की नसबंदी हुई

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अफजलगढ़ में नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 13 महिलाओं ने नसबंदी कराने हेतु अपना पंजीकरण कराया, जिसमें एक महिला का पंजीकरण तकनीकी कारणों से निरस्त हुआ, जबकि शेष 12 महिलाओं की नसबंदी हेतु आपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। ऑपरेशन टीम में बिजनौर से आए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नरेश जौहरी एवं सीएचसी अफजलगढ़ स्टाफ शामिल रहा। ऑपरेशन के बाद सभी महिलाओं को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।

# जीटीबी स्कूल में आयोजित हुई नन्हा बचपन खेल प्रतियोगिता



नूरपुर ( चिंगारी )। धामपुर रोड स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में नन्हा बचपन के चारों हाउस-टाइगर्स, ईगल्स, लायंस और लैपर्डस के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कक्षा केजी से रेस में ईगल हाउस नक्ष प्रथम, टाइगर्स हाउस से ओवांश द्वितीय स्थान, लड़कियों में लैपर्ड हाउस से आयरा प्रथम, ईगल से अनुशा द्वितीय, टाइगर से शानवी तृतीय स्थान, बुक बेलेंस में लैपर्डस से दिव्यान प्रथम, लायंस से रैनक द्वितीय, रूद्रांश तृतीय स्थान, लड़कियों में शानवी प्रथम, इनाया खान द्वितीय, माही तृतीय स्थान कक्षा एक से रेस में अफान प्रथम, रययान द्वितीय, अरहान तृतीय लड़कियों में ऐंजल टाइगर्स से इशमीत प्रथम, टाइगर्स से गरिमा द्वितीय, मायरा मलिक लैपर्डस से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक मंदीप सिंह, प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# भाजपा नेता बासित अली और वसीम खान का मुम्बई में जोरदार स्वागत

नूरपुर ( चिंगारी )। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली व अल्पसंख्यक मोर्चा के मुम्बई अध्यक्ष वसीम आर खान का नूरपूर पहुंचने पर शिव मंदिर चौक पर स्वागत किया गया।भाजपा नेता फजलुर्रहमान व अब्दुल रहमान अंडे



वालों के आवास पर जलपान कराया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बासित अली ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास फार्मूले पर काम कर रही है। भाजपा सरकार में देश विकास के पथ पर चल रहा है। सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ बगैर किसी भेदभाव के सभी वर्गों के पात्र लोगों को मिल रहा है। इस अवसर पर धर्मेन्द्र जोशी, अजयवीर सिंह एडवोकेट, फारूक मिकरानी, हाजी सलमान अली, गुलामनबी आदि मौजूद रहे।

# रामा इंस्टीट्यूट के एम.एस.डब्ल्यू डिपार्टमेंट में गैस्ट लेक्चर का आयोजन





कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्रीमती रविता राठी।

किरतपुर ( चिंगारी )। रामा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन किरतपुर के एम.एस.डब्ल्यू डिपार्टमेंट में 'महिला सशक्तिकरण की चुनौतियां और अवसर' नामक विषय पर एक गैस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य अतिथि डीएमसी बिजनौर श्रीमती रविता राठी रहीं, मुख्य अतिथि एवं वक्ता श्रीमती रविता राठी ने अपने सम्बोधन में बताया कि समाज में रह रही महिलाओं को किस प्रकार सशक्त बनाया जा सकता है। सशक्त बनाने में किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को छात्राओं के साथ साझा किया। रामा एजुकेशनल ट्रस्ट के ट्रस्टी अरुण गोयल ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। श्रीमती मंजू जैन ने उनका आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं से चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया। प्रस्तुत कार्यक्रम प्रवक्ता अरुण कुमार के दिशा-निर्देशन में कोऑर्डिनेटर श्वेता सरकार, रुचि शर्मा, अरुण प्रकाश के विशेष सहयोग द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. डबलेश कुमार, पीयूष शर्मा, श्रीमती रचना चौधरी, श्रीमती मोनिका सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन बी.एड. प्रवक्ता निखिल भारद्वाज ने किया।

# हमारी मांगें पूरी करे सरकार, प्रदर्शन किया साइकिल पर होकर सवार



**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत सचिवों ने आज एक अलग अंदाज में विरोध प्रदर्शन कर अपनी मांगों की ओर ध्यान आकर्षित किया। ग्राम पंचायत सचिव साइकिल पर सवार होकर ब्लॉक कार्यालय पहुंचे और अपना विरोध दर्ज कराया। चेतावनी दी कि अगर 15 दिसम्बर तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो अपना डोंगल एडीओ पंचायत को सौंप देंगे। ग्राम पंचायत सचिव मुख्य रूप से अतिरिक्त कार्यों का विरोध कर रहे हैं। आज के विरोध प्रदर्शन में जयवीर तोमर, दीप अमर राही, पंकज सैनी, विशेष कुमार, अंतरिक्ष कुमार, केशव कुमार, कार्केंद्र कुमार, योगेश कुमार, रामनील कुमार, दीपांशी शर्मा, प्रियंका राजपूत, विरेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

# भाजपा ने प्रांतीय परिषद सदस्यों का मनोनयन किया



धर्मेंद्र जोशी का स्वागत करते हुए पार्टी कार्यकर्ता।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रांतीय परिषद हेतु सदस्यों के नामों की घोषणा कर दी है। जिला चुनाव अधिकारी अरूण पाठक द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि संगठन चुनाव 2024-25 के आधार पर निर्वाचित प्रांतीय परिषद सदस्यों की घोषणा प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय की संस्तुति पर की गई है। प्रांतीय परिषद सदस्यों में रोहित कुमार रवि नगीना, संदीप तायल नजीबाबाद, श्याम सिंह कश्यप बढ़ापुर, संजीव गुप्ता बिजनौर, श्रीमती सुधा नहटौर, धर्मेंद्र जोशी चांदपुर, अमरजीत सिंह नूरपुर, भूपेंद्र सैनी धामपुर शामिल हैं।

नूरपुर के मोहल्ला ब्रह्मपुरी निवासी भाजपा के पूर्व नगर मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी को प्रांतीय परिषद सदस्य नामित किये जाने पर उनके समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। धर्मेंद्र जोशी ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें जो दायित्व दिया है, वह उसका निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे। संदीप जोशी, रालोद नेता अजयवीर सिंह एड., संजीव जोशी, मुकुल गुप्ता आदि ने धर्मेंद्र जोशी को बधाई दी।

# पुलिस युवती को बरामद नहीं कर पाई, ग्रामीणों ने नाराज़गी जताई



**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर लाल निवासी 23 वर्षीय युवती के लापता होने के मामले में मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण कोतवाली पहुंचे। युवती पिछले सप्ताह गांव के ही युवक सौरभ (30) के साथ चली गई थी। मामले में अभी तक युवती की बरामदगी न होने से ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सौरभ सहित उसके साथ उसका सहयोग करने के आरोप में भूरे, बबली सिंह निवासी इब्राहिमपुर लाल तथा दीक्षित कुमार व पंकज निवासी मिलक मुकीमपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि दोनों एक ही बिरादरी से हैं, जिसके कारण गांव में दोनों पक्षों के बीच पहले से तनाव की स्थिति बन चुकी है। युवती की तलाश में कोई प्रगति न होने से परिजन और ग्रामीण इकट्ठे होकर दोपहर में कोतवाली पहुंचे और मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस पर कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार सिंह ने आश्वासन देते हुए बताया कि आरोपी पक्ष से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

# पुलिस ने विशेष चैकिंग के दौरान 26 वाहनों के किये चालान

## पटाखे की आवाज़ करने वाली 3 बाइक सीज़

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार की दोपहर दुर्गा चौक पर विशेष चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उत्तराखंड शासन लिखी हुई एक एसयूवी कार को पकड़ा और चालक को फटकार लगाते हुए चालान किया। इसके अलावा पटाखे की आवाज करने वाली साइलेंसर लगाने पर तीन बुलेट बाइक भी सीज कर दी गई। 26 वाहनों के चालान कर 11500 का जुर्माना वसूला गया। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा की अगुवाई में चलाए गए अभियान में पुलिस और पीएसी के जवान शामिल रहे। इस दौरान कुल 305 वाहन चैक किए गए, जिनमें 135 कार, वह छोटा हाथी व 170 बाइक शामिल थे। इंस्पेक्टर केडी राणा ने बताया कि पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने पर 26 चालान काटे और कुल 11500 जुर्माना वसूला। अभियान में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटा भर रहे तीन बुलेट मोटरसाइकिलों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। एक कार उत्तराखंड शासन की नाम की अवैध तरीके से पट्टी लगाने पर चलानी कार्यवाही की गई। नाम पट्टी उतारी गई, 81 पी एक्ट में 6 चालान किए गए, जिनसे 1500 रुपए संयोजन शुल्क वसूला गया। चैकिंग के दौरान पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति नहीं मिला। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा का कहना है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात अनुशासन बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा।

## सूचना

पहले मेरा नाम अनीसा Anisa था अब मैंने अपना नाम बदलकर हनीसा बेगम (Haneesa Begum) रख लिया है। भविष्य में मुझको इसी नये नाम से जाना पहचाना जाये।

**Haneesa Begum W/o Latif मौहल्ला पठानपुरा निकट सैफी स्कूल, नजीबाबाद, जिला बिजनौर**




# रेडियो संदेश की टीम ने कन्या गुरुकुल जीवनपुरी का किया भ्रमण




**बिजनौर ( चिंगारी )।** रेडियो संदेश 89.6 बिजनौर एवं स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में, रेडियो संदेश बिजनौर (स्थित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर) की टीम द्वारा जीवनपुरी स्थित कन्या गुरुकुल का भ्रमण किया। टीम ने पाया कि गुरुकुल में पढ़ाई के साथ-साथ छात्राओं को संस्कार और वैदिक ज्ञान का भी विशेष रूप से प्रदान किया जाता है। गुरुकुल संचालक श्री सुशील त्यागी, सुश्री सविता आर्य तथा अन्य शिक्षकों द्वारा छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जा रही है, जो अत्यंत सराहनीय है। गुरुकुल की संचालिका सुश्री सविता आर्य ने बताया कि यहां प्रदेश के कौने-कौने से ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के बाहर से भी अनेक छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने आती हैं। यह गुरुकुल प्रबंधन की सफलता और उत्कृष्ट व्यवस्था का परिचायक है। रेडियो टीम द्वारा सेहत सही-लाभ कई कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही किसी भी बीमारी के दौरान आवश्यक सावधानियों एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई। रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एवं संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने भी सभी को शुभकामनाएं दीं तथा जागरूकता अभियान हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रेडियो संदेश टीम से सुनील भारद्वाज, मनोज यादव, श्यामल मंडल, सारिका चौधरी तथा डॉ. शबनम कुरैशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिक संगठन ने अपना स्थापना दिवस मनाया

## अनेक मनीषियों सहित मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित किये

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से संगठन का 13वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मनीषियों और मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि संगठन अध्यक्ष पी एल खंतवाल, मुख्य अतिथि सहकारिता विभाग भारत सरकार के महानिदेशक डा. मनोज कुमार व विशिष्ट अतिथि राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. सुषमा थलेड़ी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य




वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से आयोजित स्थापना दिवस समारोह में अव्वल प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

अतिथि ने कहा कि संगठन जनहित के कार्य करने के साथ ही युवा पीढ़ी को भी अपने अनुभव का लाभ दे रहा है, जो संगठन की अच्छी पहल है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि संगठन के सदस्य समय-समय पर क्षेत्र की समस्याओं को उठाते रहते हैं और समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयत्नशील रहते हैं, जो अपने आप में विशिष्ट पहल है। वहीं संगठन अध्यक्ष सेनि. कैप्टेन पी एल खंतवाल ने संगठन की ओर से किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। तत्पश्चात संगठन की ओर से आयोजित कैरम प्रतियोगिता के विजेताओं सहित, समाज सेवा के लिए प्रकाश कोठारी, संगठन सेवा के लिए सुनील नवानी, प्रदीप अग्रवाल व रिपुदमन बिष्ट को सम्मानित किया गया। साथ ही जूनियर वर्ग छात्रा ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल प्राप्त करने पर एमकेवीएन कण्वघाटी की छात्रा कु. माही व 10 किमी. दौड़ में गोल्ड मैडल प्राप्त करने पर ज्ञान भारती स्कूल की छात्रा कु. सृष्टि को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महेंद्र अग्रवाल, राजेंद्र सिंह बिष्ट, आर पी पंत, चित्रमणि देवलियाल, शंकर दत्त गौड़, राकेश पोखरियाल, रमेश खंतवाल और अजयपाल रावत सहित संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## 54 पव्वे 'अंग्रेजी' के साथ, महिला आई हाथ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद पुलिस की मादक पदार्थों की अवैध तस्करी करने वालों पर कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में कोटद्वार पुलिस ने 54 पव्वे अवैध शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मंगलवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के क्रम में कोटद्वार पुलिस सोमवार शाम को क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा रेलवे पटरी के पास से एक महिला नंदा देवी, उम्र 50 वर्ष, पत्नी प्रेमबहादुर, निवासी आम पड़ाव को मैकडावेल व्हिस्की के अवैध 54 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा महिला के विरुद्ध कोतवाली में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## रासेयो स्वयंसेवकों ने सिद्धबली मंदिर के पास चलाया सफाई अभियान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में श्री सिद्धबली बाबा अनुष्ठान महोत्सव के समापन के बाद मंगलवार को ग्रीन आर्मी देवभूमि संगठन ने क्षेत्र के स्कूलों के रासेयो स्वयं सेवकों के साथ मिलकर मंदिर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष शिवम नेगी ने कहा कि आमतौर पर देखा जाता है कि मेला या अनुष्ठान में आने वाले लोग अपने साथ प्लास्टिक की चीजें भी लाते हैं और उन्हें इधर-उधर बिखेर देते हैं। यह प्लास्टिक ही पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में हम सबका दायित्व बन जाता है कि हम मेला या अनुष्ठान क्षेत्र को साफ करने का बीड़ा उठाएं। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने संगठित होकर श्री सिद्धबली मंदिर परिसर, नवदुर्गा मंदिर, डीएफओ कार्यालय मार्ग ,श्री फलाहारी बाबा मंदिर और श्री सिद्धबली पार्क से लगभग 80 बैग से अधिक कूड़े का संग्रह कर निस्तारित किया। कूड़ा निस्तारण में प्रणिता कंडवाल, रूचि नेगी, उत्कर्ष नेगी, सौरव धूलिया,हिमांशु रावत, सुशांत कोहली, सतेंद्र सिंह गुसाईं, ज्योति सजवान, अंकित थपलियाल और अभय जुयाल आदि स्वयं सेवकों ने भी सहयोग दिया।

## सरकारी अस्पतालों से शीघ्र दूर होगी एंटी रेबीज वैक्सीन की किल्लत

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** सरकारी अस्पतालों में जल्द एंटी रेबीज वैक्सीन की किल्लत दूर हो जाऐगी। दरअसल प्रदेश स्तर पर वैक्सीन पहुंच चुकी है। इसकी लैब में टेस्टिंग चल रही है। रिपोर्ट आने के बाद दो सप्ताह में वैक्सीन की खेप अस्पतालों में पहुंच जाएगी। सरकार की ओर से सरकारी अस्पतालों में कुत्ते के काटने पर एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाई जाती है, जो सरकारी अस्पतालों में फ्री है। लेकिन इन दोनों एंटी रेबीज टीके की किल्लत बनी हुई है। सरकारी अस्पतालों में वैक्सीन नहीं मिलने से। मरीजों को बैरंग लौटना पड़ रहा है। उन्हें खुले बाजार में ढाई सौ से साढे 300 तक की वैक्सीन लगवानी पड़ रही है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से दावा किया जा रहा है कि स्थानीय स्तर पर वैक्सीन खरीद कर अस्पतालों में मरीजों को लगाई जा रही है। लेकिन यह भी खत्म होने से मरीजों को परेशानियां हो रही है। मगर अब स्वास्थ्य विभाग को वैक्सीन की डोज मिल चुकी है। लैब में इसका टेस्ट किया जा रहा है ताकि वैक्सीन को सभी मानकों पर परखा जा सके। टेस्टिंग के बाद डोज की खेप को सरकारी अस्पतालों के लिए भेज दिया जाएगा, इससे अस्पतालों में एंटी रेबीज की डोज की समस्या दूर हो जाएगी।

## कोटद्वार क्षेत्र के बच्चों के लिए ताइक्वांडों अकादमी खुली

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार क्षेत्र के बच्चों के लिए नगर निगम के अंतर्गत मालवीय उद्यान के नजदीक ताइक्वांडो अकादमी खुल गई है। अब क्षेत्र के बच्चों को ताइक्वांडो सीखने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। सोमवार दोपहर बाद आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश बलोधी ने रिबन काटकर अकादमी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ताइक्वांडो अकादमी खुलना बच्चों के लिए किसी सौगात से कम नहीं है। इससे बच्चे अपने शहर में ही ताइक्वांडों सीख पायेंगे। कहा कि अकादमी आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं और सुरक्षित वातावरण के साथ बच्चों को आत्म-रक्षा और शारीरिक फिटनेस की ट्रेनिंग दे रही है। कहा कि अकादमी में अनुभवी कोच लक्ष्य ध्यानी, चारु संगम और अर्निश चमोली प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिनके मार्गदर्शन में कई बच्चों ने पहले ही राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है।

## गांव के पास गुलदार नज़र आया वनकर्मियों ने आकर भगाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में गुलदार व बाघ की धमक कम होने का नाम नहीं ले रही है। इस कारण गांववासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले लैंसडौन वन प्रभाग के अंतर्गत अमलेसा ग्राम सभा के डालियूंगाज में महिला का शिकार करने के बाद मंगलवार अपराह्न सेंधी गांव के नजदीक ग्रामीणों को गुलदार दिखाई दिया। इस पर ग्रामीणों ने वन कर्मचारियों को सूचना दी। सूचना पाकर पलैन क्षेत्र के वन क्षेत्राधिकारी अमोल ईष्टवाल कर्मचारियों के साथ क्षेत्र में पहुंचे और किसी तरह गुलदार को जंगल में भगाया। वहीं क्षेत्रीय ग्रामीणों मुकेश कुमार, चंदन सिंह, विजय कुमार, मनोहर लाल व आदित्य घिल्डियाल ने बताया कि बाघ व गुलदार के भय से लोगों के दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। वन विभाग को शीघ्र पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ना चाहिए।



## हरिद्वार रोडवेज डिपो को मात्र 8 नई बसें देने का विरोध

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** रोडवेज डिपो को आठ नई बसें मिलने जा रही हैं। कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने कम बसें मिलने का विरोध किया है। हरिद्वार रोडवेज को 18 बसें मिलने की आशा थी। उत्तराखंड रोडवेज कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि हरिद्वार रोडवेज को 18 से ज्यादा बसे मिलनी चाहिएं। बताया जा रहा है कि केवल 8 बसें मिलेंगी। हरिद्वार से लंबी रूट पर जाने वाली बसों का समय सीमा खत्म हो चुका है। बावजूद उसके बसें सड़क पर दौड़ रही हैं। इससे यात्रियों के साथ-साथ कर्मचारियों की जान के साथ खिलवाड़ है। शासन से अगर हरिद्वार डिपो को 18 बसे नहीं मिलती तो सभी रोडवेज के कर्मचारी धरने पर बैठेंगे। उत्तराखंड रोडवेज कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष ने यह चेतावनी दी।

# 'साहित्य नगरी' के रुप में भी पहचान बना रहा हरिद्वार - असीम शुक्ल

## शब्द गंगा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच की काव्य गोष्ठी

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** धर्म नगरी के अपने स्वरूप से एक कदम और आगे आगे बढ़कर हरिद्वार बहुत तेजी से 'साहित्य नगरी' के रूप में भी अपनी पहचान बनाता जा रहा है। साहित्य एवं रचनाधर्मिता अधिक से अधिक समृद्ध हो, इसके लिये सभी रचनाकारों के मध्य निरन्तर संवाद होते रहना आवश्यक है। साथ ही रचनाकारों को एक दूसरे के कृतियों की सार्थक व सकारात्मक समीक्षा भी करनी चाहिये।

हरिद्वार के साहित्य एवं साहित्यकारों के सम्बन्ध में उपरोक्त विचार 'शब्दगंगा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच' की ओर से हरिद्वार प्रेस क्लब के आचार्य किशोरी दास बाजपेयी सभागार में आयोजित भव्य कवि गोष्ठी एवं साहित्यकार सम्मान समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए, देहरादून के 84 वर्षीय वयोवृद्ध कवि असीम शुक्ल ने व्यक्त



किये। साथ ही उन्होंने अपना गीत 'हम चंदनवन के आसपास रहते हैं, तुमको सांपों से भय न लगे तब आ जाना' सुना कर श्रोताओं की वाहवाही भी लूटी। कार्यक्रम में आसपास के शहरों से पधारे कवियों के साथ-साथ हरिद्वार के स्थानीय रचनाकारों ने भी अपनी-अपनी विधाओं में काव्यपाठ कर तालियां बटोरी। शब्द गंगा के संस्थापक व कार्यक्रम संयोजक, वरिष्ठ पत्रकार व कवि बिजेन्द्र हर्ष के कुशल संचालन में आयोजित गोष्ठी के अंत में सभी प्रतिभागी कवियों को सम्मान पत्र, पुष्पमाल, अंगवस्त्र तथा उपहारों के साथ सम्मानित किया गया।

गोष्ठी में डॉ. मनोरमा नोटियाल, डॉ. विजेन्द्र पाल शर्मा सहारनपुर, शादाब मशहदी देहरादून, सतीश बंसल देहरादून, महावीर सिंह वीर रूड़की, डॉ. क्षमा कौशिक, दर्द गढ़वाली, कृष्ण कुमार सुकुमार, ओम प्रकाश नूर रूड़की, सुभाष मलिक, अरूण कुमार पाठक, कुंवर पाल सिंह धवल, डॉ. मीरा भारद्वाज, डॉ. सुशील त्यागी, डॉ. अशोक गिरि, डॉ. अरविंद नारायण मिश्र, डॉ. पुष्पा रानी वर्मा, डॉ. प्रकाश माल्से, सुमन लता उनियाल, डॉ. शिव शंकर जयसवाल, साधूराम पल्लव, दिनदयाल दीक्षित, डॉ. मेनका त्रिपाठी, मदन सिंह यादव, डॉ. प्रेरणा पाण्डे, डॉ. एनपी सिंह, प्रशांत कौशिक ने अपनी रचनाओं से समां बांधा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# यूपी बीजेपी को इस हफ्ते मिलेगा नया अध्यक्ष

## गैर-यादव ओबीसी चेहरे पर दांव खेलने का प्लान



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में बीजेपी ने अपने नये अध्यक्ष के लिए सियासी कवायद तेज कर दी है। बीजेपी ने मंगलवार को यूपी में अपने संगठनात्मक 84 जिलों की 327 प्रदेश परिषद सदस्यों की सूची घोषित कर दी है। इसके साथ ही माना जा रहा है कि यूपी बीजेपी ने नया प्रदेश अध्यक्ष चुनने की दिशा में एक ओर कदम बढ़ा दिया है। ऐसे में बीजेपी इसी हफ्ते अपने प्रदेश अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर देगी।

बीजेपी के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। ऐसे में बीजेपी 2026 के पंचायत चुनाव और 2027 विधानसभा चुनाव से पहले अपने संगठन में बड़े बदलाव की तैयारी कर ली है। 16 दिसंबर से खरमास शुरू हो रहा है, उससे पहले पार्टी अपने प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कर लेना चाहती है। इसी मद्देनजर पार्टी ने गैर-यादव ओबीसी चेहरे पर दांव खेलने की तैयारी की है। उत्तर प्रदेश में बीजेपी अपने अध्यक्ष के चुनाव करने की दिशा में पूरी तरह से सक्रिय हो गई है। इसी कड़ी में बीजेपी ने सभी जिलों के 327 प्रदेश परिषद सदस्यों के नाम घोषित कर दिये हैं। ये प्रदेश परिषद सदस्य ही प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में वोटर की भूमिका निभाते हैं, इसलिए इनके नामों की सूची जारी होने को प्रदेश अध्यक्ष की चुनावी प्रक्रिया के लिए औपचारिक शुरुआत माना जा रहा है। बीजेपी ने यूपी में अभी तक 98 संगठनात्मक जिलों में से 84 जिलाध्यक्ष घोषित कर दिये हैं। बीजेपी ने इन जिलों में परिषद सदस्यों के नाम घोषित कर दिये हैं। हर विधानसभा क्षेत्र से एक सदस्य चुना गया है, जिसे प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए बनाई जा रही वोटर लिस्ट से जोड़कर देखा जा रहा है, ये सभी मिलकर नये प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर औपचारिक तौर पर सर्वसम्मति से सहमति बनाएंगे। माना जा रहा है कि खरमास शुरू होने से पहले पार्टी में नये प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी हो जाएगी। सूत्रों की मानें तो बीजेपी यूपी में अपने संगठन की कमान ओबीसी समुदाय के किसी चेहरे के हाथों में सौंप सकती है। इस फेहरिस्त में बीजेपी के कई ओबीसी नेताओं के नाम चर्चा में हैं। योगी सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह और केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा के अलावा पूर्व सांसद साध्वी निरंजन ज्योति के नाम की चर्चा पिछले कई दिनों से चल रही है। इस तरह बीजेपी अध्यक्ष की रेस में जिन नेताओं के नाम हैं, वो सभी गैर-यादव ओबीसी समाज से आते हैं।

## पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** पूर्व आईपीएस व आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर को लखनऊ पुलिस की एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया, वह कल रात लखनऊ से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान उन्हें शाहजहांपुर में ट्रेन से उतारा गया और एसटीएफ की टीम उन्हें देवरिया लेकर चली गई। देवरिया में उन पर कुछ दिन पहले केस दर्ज हुआ था। उन्हें जांच में सहयोग नहीं करने पर गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि अमिताभ ठाकुर भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कानपुर के अधिवक्ता अखिलेश दुबे की संपत्तियों की गहन जांच कराने की मांग की थी। इसके लिए मंडलायुक्त और पुलिस कमिश्नर को पत्र भी लिखा था। उन्होंने मंडलायुक्त कार्यालय के एक कर्मचारी की भूमिका पर भी सवाल उठाए थे। पत्र के अनुसार उन्होंने साकेतनगर स्थित पार्क की जमीन पर कब्जाकर किशोरी वाटिका गेस्ट हाउस बनाने और अखिलेश दुबे के कार्यालय के आवंटन की जांच की मांग की थी। इसके अलावा अवैध तरीके से बृजकिशोरी दुबे स्कूल संचालित करने का भी आरोप लगाकर जांच कराने की मांग की। उन्होंने मंडलायुक्त कार्यालय के एक कर्मचारी पर प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से अधिवक्ता अखिलेश को सहयोग दिए जाने का भी आरोप लगाया है।





